# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026




- 53 ब्लॉकों में फूड पार्क बनाने ली थी 15 सौ एकड़ जमीन
- फल-सब्जी प्रसंस्करण इकाइयों के नहीं आने से योजना अटकी

# फूड पार्क में कंपनियों की रुचि नहीं, सिर्फ 14 इकाइयां लग सकीं, 9 में राइस मिल और दूसरे उद्योगों को भी जमीन !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के हर ब्लॉक में फूड पार्क स्थापित करने की योजना का बुरा हाल है। पूर्व सरकार ने इसके लिए राज्य के 22 जिलों के 53 ब्लॉकों में उद्योग विभाग के माध्यम से 1500 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी, इनमें से 18 स्थानों पर फूड पार्क स्थापना के लिए 132 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। 18 में से 14 स्थानों पर फूड पार्क स्थापित हो गए हैं और यहां फल-सब्जी प्रसंस्करण इकाइयों ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है, लेकिन ज्यादातर स्थानों पर फूड पार्क का काम शुरू ही नहीं हो पाया है। फूड पार्क के लिए पर्याप्त संख्या में प्रसंस्करण इकाइयों के नहीं आने से उद्योग विभाग और सीएसआईडीसी ने 9 फूड पार्क में राइस मिल, दाल मिल जैसे दूसरे उद्योग स्थापित करने का निर्णय लिया है। संबंधित जिलों के कलेक्टरों ने इसके लिए अनुमति भी दे दी है। 5 ब्लॉकों में प्रस्तावित फूडपार्क में दूसरे उद्योगों के लिए जमीनों का आबंटन भी शुरू हो गया है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

## हर ब्लॉक में फूड पार्क की योजना का बुरा हाल

## किसानों को नहीं मिलते उत्पादों के उचित दाम

छत्तीसगढ़ में टमाटर, मिर्च, सब्जियों और फलों के उत्पादक किसानों को उनके उत्पाद के उचित दाम नहीं मिलने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। हर साल किसानों को दाम नहीं मिलने के कारण अपने उत्पाद नष्ट तक करने पड़ते हैं। इसके कारण कई बार उन्हें घाटा उठाना पड़ता है। किसानों की इस समस्या को देखते हुए ही पूर्व सरकार ने राज्य के हर ब्लॉक में फूडपार्क स्थापित करने का निर्णय लिया था। इसके लिए उद्योग विभाग के माध्यम से बड़ी कार्ययोजना भी तैयार की गई। 53 ब्लॉकों में इसके लिए जमीन भी खरीद ली और एक तिहाई ▶▶| शेष पेज 7 पर

## 9 फूडपार्क में दूसरे उद्योगों को जमीन की अनुमति

*9 फूडपार्क में पर्याप्त संख्या में फल-सब्जी प्रसंस्करण इकाइयों के नहीं आने के कारण वहां दूसरे छोटे उद्योग स्थापित करने की अनुमति देने का निर्णय उद्योग विभाग ने लिया है। इन फूडपार्कों के पास करीब 248 एकड़ जमीन है। संबंधित जिलों के कलेक्टरों ने इसके लिए अनुमति भी जारी कर दी है। धमतरी जिले के बागोद, सरगुजा के रिखी, रायपुर के खपरीखुर्द और मुंगेली के बिरबिरा में फ्लोर मिल, राइसब्रान, आइल साल्वेंट प्लांट, फोर्टिफाइड राइस मिल, दालमिल और दूसरी इकाइयां स्थापित करने के लिए जमीन आबंटित भी कर दी गई है। पांच अन्य फूड पार्क में भी जमीन आबंटन की प्रक्रिया जारी है।*

## दर्जनों ब्लॉकों में करोड़ों की जमीन फंसी

*फूड पार्क के नाम पर दर्जनों ब्लॉकों में अधिग्रहित करोड़ों रुपए की सैकड़ों एकड़ जमीन बिना किसी उपयोग के पड़ी है। पर्याप्त संख्या में प्रसंस्करण इकाइयों के नहीं आने के कारण वहां फूड पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया भी अटक गई है। उद्योग विभाग जमीन का दूसरा उपयोग करने पर भी विचार कर सकता है।*


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹103903/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹126900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹138523/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


## 2600 लोगों ने छिपकर बचाई जान, मची अफरातफरी, कई टेबल के नीचे छिपे

# डिनर पार्टी में नासा के फेलो ने किया 'अटैक' सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप को सुरक्षित बाहर निकाला

अमेरिका में शनिवार रात को हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। यहां व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के सालाना डिनर के दौरान एक बंदूकधारी ने गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी में एक अधिकारी घायल हो गया। इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलेनिया, उपराष्ट्रपति जेडी वैंस समेत कई बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। फायरिंग होते ही घबराकर सैकड़ों मेहमान मेजों के नीचे छिप गए। लोगों के चीखने की आवाज आने लगी। सीक्रेट सर्विस ने राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी को तुरंत कार्यक्रम स्थल से सुरक्षित बाहर ले गए। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है। कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया।' इस घटना को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में एक बड़ी सेंधमारी के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले भी ट्रंप पर फायरिंग की कोशिश हो चुकी है। चुनाव प्रचार के दौरान भी उन पर जानलेवा हमले की कोशिश हुई थी।

- हमलावर ने होटल में ही हथियार असेंबल करके 7 राउंड की फायरिंग
- एक अधिकारी को लगी गोली, पकड़ा गया आरोपी
- 1981 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रीगन पर भी इसी होटल के बाहर हुआ था हमला

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में ये घटना 25 अप्रैल की रात करीब 8:40 बजे हुई, जब होटल के सिक्योरिटी एरिया के पास बंदूक और चाकुओं से लैस एक व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर उस क्षेत्र में घुस आया और गोलीबारी चालू कर दी। वहां करीब 2600 लोग मौजूद थे। गोली चलने की आवाज सुनते ही वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई और कई लोग टेबल के नीचे छिप गए। घटना के तुरंत बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस हरकत में आई, राष्ट्रपति ट्रंप को भी सुरक्षा बलों ने किसी तरह की मेज के नीचे छुपाया और उनकी पत्नी समेत सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। एक गोली एक अधिकारी को लगी ▶▶| शेष पेज 7 पर

## हमला होते ही लड़खड़ा कर गिरे ट्रंप




वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जैसे ही फायरिंग की आवाज आती है, हाल में बैठे लोग टेबल के नीचे छिपने लगे। इसी दौरान एक सुरक्षाकर्मी ट्रंप के पास आता है और उनको तुरंत जानकारी देता है। इसके बाद कुछ और सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स आते हैं और ट्रंप के आसपास घेरा बनाते हैं और उन्हें पीछे की तरफ लेकर जाते हैं। जैसे ही ट्रंप कुर्सी से उठकर आगे बढ़ते हैं, वह लड़खड़ा जाते हैं जिसके बाद एजेंट उन्हें पकड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लेते हैं।

## मैं ही निशाने पर था : ट्रंप

हमले के बाद संवाददाता को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि हमलावर का मुख्य निशाना वो ही हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'एक व्यक्ति कई हथियारों से लैस होकर सुरक्षा चौकी पर हमला करने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन सीक्रेट सर्विस ने उसे काबू कर लिया। इसके साथ उन्होंने अमेरिकियों से अपील की कि वे अपने आपसी मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाएं।





## उच्च शिक्षित है हमलावर

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 31 वर्षीय कोल थोमस एलेन के रूप में हुई है। थॉमस एलेन टोरेंस, कैलिफोर्निया का रहने वाला है। वो एक मैकेनिकल इंजीनियर होने के साथ-साथ कंप्यूटर साइंटिस्ट और इंडी गेम डेवलपर के तौर पर भी काम कर चुका है। उसने नासा जेट प्रोपल्सन लैबोरेटरी में समर रिसर्च फेलोशिप भी की थी, जिसके कारण उसे 'नासा फेलो' के तौर पर पहचाना जाता है।

## राहत की बात है कि ट्रंप ठीकः मोदी



ट्रंप, फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति के सुरक्षित और पूरी तरह से स्वस्थ होने की जानकारी सामने आने पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत व्यक्त की है। उन्होंने कहा, यह जानकर संतोष हुआ है कि सभी नेता सुरक्षित हैं और किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

# दोपहर में उड़ान भरेगा मुंबई का चौथा नियमित विमान, किराया 7 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दो साल इंतजार के बाद रायपुर-मुंबई के बीच यात्रा करने वालों को चौथी फ्लाइट का विकल्प मिलने वाला है। एक मई से यह नियमित फ्लाइट भरी दोपहरी यानी 2.55 बजे टेकऑफ होगी। इस विमान का प्रारंभिक किराया 7 हजार के करीब है और टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। पहले मुंबई-रायपुर-विशाखापट्नम को जोड़ने एयर इंडिया की फ्लाइट चलती थी, जो फरवरी 2023 में ग्राउंड हो गई थी।

मुंबई-रायपुर-मुंबई के बीच यात्रा करने वालों की संख्या बहुत अधिक है। वहां फिल्म सिटी, कारोबार, इलाज, रिश्तेदारी के अलावा घूमने-फिरने भी काफी लोग जाते हैं। इसकी वजह से सुबह और शाम के ▶▶| शेष पेज 7 पर



## बढ़ेगी करीब डेढ़ सौ सीटें

इस फ्लाइट से आवाजाही करने वाले यात्रियों के लिए करीब डेढ़-डेढ़ सौ सीटों का इजाफा हो जाएगा। वर्तमान में संचालित होने वाली फ्लाइट में साढ़े चार सौ सीटें होती हैं, जो एक मई से बढ़कर 6 सौ करीब हो जाएंगी। सीटों की संख्या बढ़ने से ज्यादा यात्री सफर कर पाएंगे, जिन्हें किराए में भी थोड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में दिल्ली के बाद दूसरे नंबर पर 4-4 फ्लाइट के साथ मुंबई और हैदराबाद शहर शामिल है।

## बंद हो चुकी फ्लाइट के शुरू होने का इंतजार

टेक्निकल कारणों का हवाला देकर करीब दो साल पहले बंद हुई रायपुर-प्रयागराज की नियमित फ्लाइट के शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। इस फ्लाइट के माध्यम से गंगा में डुबकी लगाने और रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने वालों को राहत मिलेगी। कोरोना महामारी की चपेट में आई रायपुर जयपुर की सीधी उड़ान अब तक उड़ान नहीं भर पाई है। इसके लिए हर प्रस्ताव बनाया जाता है, मगर कोई विमानन कंपनी दिलचस्पी नहीं दिखा रही।

## खबर संक्षेप

### प्रसिद्ध फोटोग्राफर रघु राय का निधन



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध फोटोग्राफर और जर्नलिस्ट रघु राय का 83 साल की उम्र में निधन हो गया। परिवार ने उनके निधन की पुष्टि कर दी है। रघु राय को पूरी दुनिया में भारतीय फोटोग्राफी के जनक के रूप में जाना जाता है। भोपाल गैस त्रासदी को जब भी याद किया जाता है, उसमें रघु राय द्वारा खींची गई तस्वीरों का जिक्र जरूर होता है।

### 20 अवैध प्रवासियों को भेजा गया बांग्लादेश

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य में 20 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार करके वापस बांग्लादेश भेज दिया गया है। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कुछ लोगों के साथ सख्ती से पेश आना जरूरी होता है।..खुद नहीं जाने वाले घुसपैठियों को जब हम असम से बाहर निकालते हैं तो यह पंक्ति याद रखते हैं। इसी तरह हमने 20 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजा।' हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कहां पकड़े गए थे या उनकी राष्ट्रीयता क्या थी।

### ऑल वेदर तकनीक से लैस होगी वंदे भारत



**पठानकोट।** वंदे भारत ट्रेन में पहली बार ऐसी विंटराइजेशन (शीतकालीन) तकनीक का उपयोग किया गया है जो इसे माइनस डिग्री तापमान में भी सुचारू रूप से चलाने में सक्षम बनाएगी। रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के बर्फीले और ठंडे मौसम के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च की है, जो 30 अप्रैल से जम्मू से श्रीनगर तक चलेगी। यह महज 6 घंटे में यह सुहाना सफर पूरा करेगी।

### चीन ने पाकिस्तानी उपग्रह का किया प्रक्षेपण

**बीजिंग।** चीन ने उत्तरी शांक्शी प्रांत में स्थित ताइयुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शनिवार रात एक पाकिस्तानी उपग्रह का प्रक्षेपण किया। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार पीआरएससी-ईओ3 नामक इस उपग्रह को रात 8:15 बजे (बीजिंग समयानुसार) लॉन्ग मार्च-7 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया गया और यह सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में पहुंच गया। पिछले साल से अब तक चीन द्वारा प्रक्षेपित किया गया पाकिस्तान का यह चौथा उपग्रह है।

# छत्तीसगढ़ में 200 काले हिरण पीएम ने सराहा, 'मन की बात' में मिली राष्ट्रीय पहचान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' में छत्तीसगढ़ के काले हिरण के संरक्षण प्रयासों का उल्लेख करते हुए सराहना की। इससे राज्य की पर्यावरणीय पहल राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से सामने आई हैं और बारनवापारा अभयारण्य को नई पहचान मिली है। एक समय ऐसा था जब यह अभयारण्य अपने प्रमुख वन्यजीव काले हिरण से लगभग खाली हो चुका था, लेकिन अब यही क्षेत्र करीब 200 काले हिरणों का सुरक्षित आवास बन गया है।

बारनवापारा के खुले घास के मैदानों में काले हिरणों की सक्रिय मौजूदगी इस बात का प्रमाण है कि लंबे समय बाद भी किसी प्रजाति को उसके प्राकृतिक परिवेश में पुनर्स्थापित किया जा सकता है। जो क्षेत्र कभी सूना हो गया था, वह अब पुनर्जीवन की एक सशक्त कहानी प्रस्तुत कर रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित, लगभग 245 वर्ग किलोमीटर में ▶▶| शेष पेज 7 पर

*छत्तीसगढ़ का बरनवापारा अभयारण्य बना काले हिरणों के पुनर्जीवन का मजबूत उदाहरण*



## प्रधानमंत्री ने बढ़ाया प्रदेश का मान - साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा "मन की बात" में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का लगातार जिक्र होना न केवल राज्य की पहचान को सुदृढ़ करता है, बल्कि प्रदेशवासियों के मनोबल को भी नई ऊंचाई प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित विनायक सिटी में इसकी 133वीं कड़ी सुनी।

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# जमानत भले खारिज करें, पर सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं अदालतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की।

## यह लगाई गई थी धारा

रिपोर्ट के अनुसार, मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, 420-धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471-जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं।

# टेकऑफ के दौरान प्लेन में आग 6 यात्री घायल, 232 यात्री थे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट पर उस समय एक बड़ा हादसा टल गया जब स्विस एयर की दिल्ली से ज्यूरिख जाने वाली फ्लाइट एसडब्लूआर146 में टेकऑफ के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई। बताया गया कि उड़ान भरते समय विमान का इंजन फेल हो गया, जिसके बाद हालात गंभीर हो गए। चश्मदीदों के अनुसार, विमान के बाएं हिस्से से धुआं निकलता देखा गया, जबकि दाईं तरफ लैंडिंग गियर के पास आग लगने की खबर सामने आई। हालात को देखते हुए तुरंत फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई।

## दिल्ली एयरपोर्ट की घटना, टला बड़ा हादसा



## घटना की हो रही है जांच

विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी। एयरपोर्ट पर मौजूद फायर ब्रिगेड और सुरक्षा टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में किया और आग को फैलने से रोक लिया। फिलहाल इस घटना की जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इंजन फेल होने की असली वजह क्या थी।

## सुरक्षा पर उठे सवाल

हाल ही में दिल्ली एयरपोर्ट पर एक और घटना सामने आई थी, जब अकासा एयर और स्पाइसजेट के दो विमानों के पंख आपस में टकरा गए थे। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने एयरपोर्ट सुरक्षा और विमानन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## बाबा केदार के दरबार में उमड़ पड़े हैं श्रद्धालु

# आस्था का सैलाब, चार दिन में 1.24 लाख ने किए दर्शन

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद शुरुआती चार दिन में 1.24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं, जो 2026 की यात्रा के लिए अच्छी शुरुआत मानी जा रही है, जिसकी जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से अब तक कुल 1,24,782 श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। शनिवार को शाम पांच बजे तक 31,160 श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, जिनमें 21,035 पुरुष और 9,993 महिलाएं थीं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत यात्रा सुचारु रूप से जारी है। विशाल मिश्रा ने बताया कि हेलीपैड और पैदल मार्ग पर प्रशासन व पुलिस के जवान तैनात हैं, ताकि यातायात और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा, 'श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी टीम पूरी मेहनत से काम कर रही हैं।'

- 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम का खोला गया है कपाट



## सांयकालीन आरती का शुभारंभ

रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि पिछले 4 दिनों से यात्रा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी टीमें मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। साथ ही भैरवनाथ जी के कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ धाम में सांयकालीन आरती का शुभारंभ हो गया है।

## 'भ्रामक और झूठी खबरों' पर ध्यान न देने की अपील

केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने अव्यवस्था की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि मंदिर की छवि खराब करने की कोशिश 'निंदनीय' है। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में हर श्रद्धालु को दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। केदार सभा के वरिष्ठ सदस्य उमेश चंद्र पोस्ती ने तीर्थयात्रियों से सोशल मीडिया पर फैल रही 'भ्रामक और झूठी खबरों' पर ध्यान न देने की अपील की।

## श्रद्धालुओं के लिए की गई है विशेष व्यवस्था

*केदार सभा के एक अन्य सदस्य संजय तिवारी ने बताया कि स्थानीय निवासी और प्रशासन मिलकर श्रद्धालुओं के लिए रहने और खाने की पर्याप्त व्यवस्था कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन पूरे यात्रा मार्ग की निगरानी एक विशेष नियंत्रण कक्ष के जरिए कर रहा है।*

**आरामबाग की रैली में की खास अपील**

# पीएम मोदी बोले- दूसरे चरण में तोड़ना है पहले चरण के वोटिंग टर्नआउट का रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को हुगली के आरामबाग में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया और वोटर्स से अपील की कि 29 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में पहले फेज के वोटिंग टर्नआउट का रिकॉर्ड तोड़ देना है।

बता दें कि पहले फेज में करीब 92 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। पीएम मोदी ने अब इस रिकॉर्ड को भी तोड़ देने की अपील की है। मोदी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि बंगाल का ये चुनाव अब अंतिम चरण में है, लेकिन आपने एक बात नोटिस की होगी, 15 साल पहले टीएमसी मां, माटी, मानुष की बातें करके सत्ता में आई थी, लेकिन अब इनके मुंह से मां, माटी, मानुष ये शब्द तक नहीं निकलते। आखिर क्यों? इसका कारण है टीएमसी की निर्ममता ने मां को रुला दिया, माटी को सिंडिकेट और घुसपैठियों के हवाले कर दिया और बंगाल के मानुष को पलायन के लिए मजबूर कर दिया।



### टीएमसी की सरकार गुंडे और मस्तान चलाते हैं

पीएम मोदी बोले कि टीएमसी की निर्मम सरकार, नबन्ना सचिवालय से नहीं चलती है। इस सरकार को या तो गुंडे और मस्तान चलाते हैं या फिर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरकार हरकत में आती है। पीएम ने कहा, 'टीएमसी सरकार ने यहां अपने कुकर्मों से बंगाल की जनता का भरोसा खो दिया है, इसलिए लोग आए दिन कोर्ट-कचहरी जाने को मजबूर हैं।

### टीएमसी के खिलाफ चरम पर है जनता का गुस्सा

पीएम मोदी ने कहा, 'कुछ समय पहले मैं सिंगूर आया था, उसी समय मैंने टीएमसी की निर्मम सरकार के प्रति जनता का गुस्सा साफ-साफ देखा था। आज मैं फिर देख रहा हूं, वो गुस्सा अपने चरम पर पहुंच चुका है, और इस गुस्से में बंगाल का एक ही उद्देश्य है कि टीएमसी सरकार को इस बार बदल देना है।

### 'भय आउट और भरोसा इन'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज बंगाल के हर बूथ पर उमड़ता जनसैलाब कह रहा है, भय आउट और भरोसा इन। 15 साल तक टीएमसी ने पश्चिम बंगाल के लोगों को लूटा, लेकिन ये लोग एक चीज भूल गए, जब अत्याचार की हद हो जाती है, तो जनता मां दुर्गा का रूप धर कर अन्याय का विसर्जन कर देती है।

## शोर सुनकर बिदके बैल, टीएमसी की रैली में मची अफरा-तफरी



एजेंसी ▶▶| पूर्व बर्दवान

पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले से एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। यहां टीएमसी के एक प्रत्याशी की रैली में अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दरअसल, टीएमसी प्रत्याशी श्यामा प्रसन्ना लोहार एक बैलगाड़ी पर बैठ कर अपने समर्थकों के साथ चुनावी रैली निकालने वाले थे। इस दौरान उन्होंने बैलगाड़ी के अलावा ढोल-नगाड़ों की व्यवस्था भी की थी। हालांकि यही गलती भारी पड़ गई। यहां चुनावी रैली में ढोल-नगाड़ों की गूंज से बैल बेकाबू हो गए। इसके बाद वहां समर्थकों के बीच अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन इस घटना ने चुनाव प्रचार अभियान की पूरी रणनीति पर पानी फेर दिया। हालात को देखते हुए उम्मीदवार श्यामा प्रसन्ना लोहार को अंत में अपने समर्थकों के साथ पैदल ही चुनावी प्रचार जारी रखना पड़ा। जहां एक ओर इसे अनोखे प्रचार का असफल प्रयास माना जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## 27 लाख लोग कसम खाकर जाओ, ममता के समर्थन में वोट मांगो : केजरीवाल



**कोलकाता।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पश्चिम बंगाल में एसआईआर को बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में बेलेघाटा एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए उन्होने कहा, "वोटर लिस्ट बदलने के लिए षडयंत्र किया गया। 27 लाख नाम वोटर लिस्ट से काट दिए। केजरीवाल ने कहा आपके साथ सारे अधिकार छीन लिए. आज कसम खाकर जाओ, जिन 27 लाख लोगों के वोट कटे हैं। वो घर-घर जाकर दीदी के लिए वोट मांगेंगे। बंगाल चुनाव को देश और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। आप लोगों को जमकर जवाब देना पड़ेगा। आजादी की लड़ाई में सबसे ज्यादा कुर्बानी आपके दादा परदादा ने दी। आप लोग इस आजादी को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा कल कहेगी कि आपका वोट नहीं, तो आप देश के नागरिक भी नहीं। कल पता नहीं क्या करेंगे आपके साथ।

## भाजपा ने जानबूझकर सभा बिगाड़ी भाषण छोड़कर निकलीं ममता



पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राज्य के भवानीपुर में उस समय अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रैली से 100 मीटर दूर ही भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी की सभा हो रही थी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी रैली में बाधा डालने के लिए भाजपा ने तेज आवाज कर उनकी ओर अपने लाउडस्पीकर कर दिए हैं। इसके साथ मुख्यमंत्री अपना भाषण बीच में ही छोड़कर वहां मौजूद लोगों से माफी मांगकर चली गईं। इसके बाद आक्रोशित टीएमसी कार्यकर्ता शुभेंदु की रैली की तरफ चल पड़े और विरोध करने लगे। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की स्थिति बन गई थी। हालांकि, वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर किया। गौरतलब है कि भवानीपुर सीट पर सत्तारूढ़ तृणमूल की मजबूत पकड़ मानी जाती है। खुद ममता बनर्जी 2011 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

**राहुल ने कहा देश में दो अलग-अलग सोच के बीच लड़ाई है**

## 'मुझ पर 36 केस मगर ममता पर मेहरबानी क्यों... : राहुल

पश्चिम बंगाल चुनाव के दूसरे चरण से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी सेरामपुर में एक बड़ी रैली करने पहुंचे। इस रैली में उन्होंने एक बड़ा सवाल उठाया कि मोदी सरकार ने उनके खिलाफ 36 केस किए, ईडी ने 55 घंटे पूछताछ की, लेकिन ममता बनर्जी पर एक भी केस क्यों नहीं? उनका घर छीना गया, लोकसभा की सदस्यता छीनी गई. वो अभी जमानत पर बाहर हैं और हर 10-15 दिन में झारखंड, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, बिहार जैसे राज्यों में केसों के लिए जाना पड़ता है। इसका कारण है कि ममता भाजपा से सीधी लड़ाई नहीं लड़तीं इसलिए उन्हें छोड़ा हुआ है। राहुल ने कहा कि इस देश में दो अलग-अलग सोच के बीच लड़ाई है। कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' की जिसका संदेश था 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की यात्राओं को 'भारत तोड़ो यात्रा' बताया और कहा कि वो 24 घंटे देश को तोड़ने का काम करते रहते हैं।



## अब गैस की चिंता खत्म! भारत 15 देशों से कर रहा स्पॉट खरीदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भले ही ईरान और अमेरिका के बीच जंग थम चुकी है, लेकिन होर्मुज को लेकर दोनों देशों के बीच तकरार जारी है। जिसकी वजह से तेल और गैस की सप्लाई की दिक्कत जस की तस बनी हुई है। इस संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने अब स्पॉट मार्केट खरीदारी शुरू कर दी है यानि जहां से भी गैस मिल रही वहां से ले रही है। युद्ध शुरू होने से पहले भारत अपनी एलपीजी ज़रूरत का लगभग 60% इम्पोर्ट करता था लेकिन एलपीजी संकट के बीच सरकार द्वारा घरेलू प्रोडक्शन बढ़ाने के दिए गए आदेश के चलते उत्पादन में बड़ा इजाफा किया गया है। इससे भारत की निर्भरता भी कम हुई है।

### भारत कर स्पॉट मार्केट खरीदारी

एलपीजी प्रोडक्शन के संकट को देखते हुए सरकार ने अब अपनी निर्भरता खाड़ी देशों पर न रखकर अन्य देशों का रूख किया है। साथ ही सरकारी तेल कंपनियों ने स्पॉट मार्केट से खरीदारी भी शुरू कर दी है। ताकि देश किसी तरह की कोई दिक्कत पैदा न हो सके। बता दें कि मिडिल ईस्ट में होर्मुज पर चल रहे तनाव को लेकर गैस सप्लाई अभी भी बाधित चल रही है।

### जून-जुलाई तक कार्गो पहुंचने की उम्मीद

टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, घरों और होटल में गैस की कमी को पूरा करने के लिए एलपीजी गैस सिलेंडर की स्पॉट मार्केट से खरीदारी शुरू कर दी गई है। लगातार एलपीपी कार्गो हासिल किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक स्पॉप मार्केट से एलपीजी कार्गो जून और जुलाई में भारत पहुंचने की उम्मीद जताई गई है।

**सरकार का बड़ा एक्शन प्लान**



### अब 15 देशों से आयात

बता दें कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बाद भारत ने अपनी रणनीति बदलते हुए अब अमेरिका, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस जैसे देशों से भी बड़े स्तर पर खरीद शुरू कर दी है। पहले भारत में एलपीजी सिर्फ खाड़ी देशों- यूएई, कतर, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और ओमान से आती थी। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक देश में घरेलू सप्लाई पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

### भारत में रोजाना 80,000 टन एलपीजी की जरूरत

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में रोजाना करीब 80,000 टन एलपीजी की जरूरत होती है। हाल के समय में घरेलू उत्पादन को लगभग 20 फीसदी बढ़ाकर 46,000 टन प्रतिदिन तक पहुंचाया गया है। सरकार ने यह भी बताया कि करीब आठ लाख टन एलपीजी की सुनिश्चित सप्लाई पहले ही बुक की जा चुकी है और यह भारत की ओर आ रही है।

## गरीबी के कारण मां ने 18 माह की बेटी को नाले में फेंका

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में एक महिला ने 18 महीने की अपनी बेटी को नाले में फेंक दिया, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। बच्ची महिला की छठी बेटी थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान बिहार के मधुबनी निवासी नीलम के रूप में हुई है। वह फरीदाबाद में अपने पति संजय के साथ रहती थी, जो एक निजी कंपनी में काम करता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने कहा कि बच्ची उसकी छह बेटियों में सबसे छोटी थी और गरीबी के कारण उसे यह अपराध करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना धीरज नगर के पास 23 अप्रैल को हुई। मामला तब सामने आया, जब दो स्कूली बच्चों ने नाले के किनारे लोहे की जाली में फंसी बच्ची का शव देखा। पुलिस ने बताया कि शव को निकाल लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले की जांच कर रही अपराध शाखा की टीम को सीसीटीवी फुटेज मिली जिसमें बच्ची की मां उसे गोद में लेकर इलाके में घूमती नजर आई।

## यूएई और भारत के बीच मजबूत होंगे पारस्परिक व ऊर्जा सुरक्षा सहयोग

एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने मध्य पूर्वी देश की अपनी आधिकारिक यात्रा के तहत शनिवार को अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय घटनाक्रमों में हो रहे बदलावों के बीच दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और ऊर्जा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की।

### भारतीय दूतावास ने दी मुलाकात की जानकारी

यूएई स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, एनएसए डोभाल ने यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं और द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के उपायों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की। दूतावास ने लिखा, एनएसए डोभाल राष्ट्रपति नाहयान से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन दिया। व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के उपायों, क्षेत्रीय स्थिति और पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की।'

**एनएसए अजित डोभाल ने की यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात**



### एक महीने में दूसरी उच्च स्तरीय बैठक

इस बैठक में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सर्वोच्च परिषद के महासचिव अली बिन हम्माद अल शम्सी भी उपस्थित थे। बता दें कि एक महीने के भीतर दोनों देशों के बीच यह दूसरी उच्च स्तरीय बैठक है। इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने 2 देशों के दौरे के तहत UAE के राष्ट्रपति से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की थी।

## टीएमसी कार्यकर्ता के घर से 100 देसी बम बरामद



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से पहले रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक कथित तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद किये हैं। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर रफीकुल इस्लाम के आवास की तलाशी ली गई, जहां से ये विस्फोटक बरामद हुए। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में निगरानी और क्षेत्र गश्त तेज की जाएगी ताकि मतदाता बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए पहले चरण में 152 सीट के लिए 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जबकि दूसरे चरण में शेष सीट के लिए 29 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना चार मई को होगी। भांगड़ में दूसरे चरण में मतदान होना है।

## चारमीनार एक्सप्रेस में उठा धुंआ, ट्रेन से कूदे यात्री

एजेंसी ▶▶| भुवनगिरी



तेलंगाना के यादाद्री भुवनगिरी जिले में चारमीनार एक्सप्रेस के एक कोच से धुआं और चिंगारी निकलने के बाद ट्रेन में हड़कंप का माहौल पैदा हो गया।

ट्रेन के कोच से धुंआ निकलने की सूचना मिलते ही लोको पायलट ने ट्रेन रोकी लेकिन जब तक ट्रेन रुकती कई यात्री धीमी हुई ट्रेन से कूद गए। इस दौरान कई लोगों को मामूली चोटें भी आईं। ट्रेन को तुरंत एक स्टेशन पर रोक दिया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह घटना कोच के पहिये में ब्रेक बाइंडिंग के कारण हुई थी। जैसे ही धुआं और चिंगारी दिखाई दी, रेलवे स्टाफ ने तुरंत स्थिति पर काबू पा लिया।

### हैदराबाद से तांबरम जा रही थी ट्रेन

दक्षिण मध्य रेलवे ने बताया कि ट्रेन संख्या 12760 हैदराबाद से तांबरम जा रही चारमीनार एक्सप्रेस को सिकंदराबाद डिवीजन के अलेर रेलवे स्टेशन पर शाम 7:47 बजे रोका गया था। स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन को रात 8:10 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि कोच एस-5 के पहिये से धुआं और चिंगारी निकलने की जानकारी मिलते ही तुरंत कार्रवाई की गई और आग जैसी स्थिति को तुरंत बुझा दिया गया।

**भीषण गर्मी के बीच खुद को हाइड्रेटेड रखने और ढीले सूती कपड़े पहनने की चेतावनी जारी की गई**

## आईएमडी का अलर्ट : जान प्यारी है तो 12 से 4 बाहर ना निकलें! 12 राज्यों में सूरज के तेवर बेकाबू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर और मध्य भारत में भीषण लू का कहर जारी है। आईएमडी ने अगले तीन दिनों तक पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी करते हुए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। हालांकि, 29 अप्रैल से तापमान में 3-5C की गिरावट से राहत मिलने की उम्मीद है। भीषण गर्मी के बीच खुद को हाइड्रेटेड रखने और ढीले सूती कपड़े पहनने की चेतावनी जारी की गई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार उत्तर और मध्य भारत इस समय भीषण लू की चपेट में है। आज और कल के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच लोग सीधे धूप के संपर्क में आने से बचें और बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें. हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में 'गंभीर लू' की स्थिति बनी हुई है, जहां पारा सामान्य से कई डिग्री ऊपर बना हुआ है।

### गर्मी से बचने के लिए सुझाव

लंबे समय तक धूप में रहने या भारी काम करने वाले लोगों में उच्च तापमान और गर्मी से होने वाली बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं। प्यास ना लगने पर भी पानी पीते रहें। सामान्य जनता के लिए मध्यम तापमान और गर्मी सहनीय है, लेकिन शिशुओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित संवेदनशील लोगों के लिए मध्यम स्तर की स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं हो सकती है। धूप में निकलने से बचें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। कपड़े, टोपी या छाते से अपना सिर ढककर रखें।




### कब मिलेगी राहत?


आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, 27 अप्रैल से कुछ राहत के आसार हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश, गरज-चमक के साथ बौछारें और तेज हवाएं (30-40 किमी/घंटा) आ सकती हैं, जो तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट ला सकती हैं। दूसरी तरफ, उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में 28-30 अप्रैल के आसपास बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश और विदर्भ में 27-28 अप्रैल को वर्षा की संभावना है। तो वहीं, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत में पहले से ही बारिश और आंधी चल रही है, जो वहां गर्मी से राहत दे रही है।

### किस राज्य का कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल में तूफान और भारी वर्षा की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कर्नाटक में भी तूफान और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा में लू की चेतावनी के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल में भारी बारिश की संभावना है। जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्व भारत, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल में आज लू की स्थिति रहने की संभावना है। जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ में आज उष्ण और आद्र मौसम रहने का संभावना है।

रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026 | बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी | वर्ष : 24, अंक : 276 | पृष्ठ : 12+4+4 =20, मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# टंकिया खाली, योजना अधूरी, ठेकेदार गायब, कैसे बुझे गांव वालों की प्यास !

छत्तीसगढ़ में अब भी हजारों गांवों तक जल जीवन मिशन के तहत गामीण घरों में नल से जल नहीं पहुंचा है। अधिकारिक आंकड़े ही कहते हैं कि सिर्फ पांच फीसदी तक नल कनेक्शन वाले गांवों की संख्या 8 सौ से ज्यादा है। जबकि डेढ़ हजार गांवों में आधा काम हुआ है। मैदानी इलाकों मे अच्छा काम होने का दावा किया जाता है। योजना गांवों तक पहुंची तो है, लेकिन कसर रह गई है।

## निर्माण एजेंसी ने छोड़ा काम, तीन साल बाद भी नहीं मिला घर-घर पानी

अनिल सुथार ▶▶| कुसुमकसा (बालोद)

हरिभूमि लगातार

केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन यानी हर घर जल की योजना का आदिवासी विकासखंड डोंडी में बुरा हाल है। यहां के शिकारीटोला व करियाटोला में तीन साल पहले प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी, तबसे नल से जल का इंतजार है। अब तक पानी टंकी ही बनकर तैयार नहीं हुई है। ग्राम पंचायत धुरवाटोला के ये दोनों आश्रित गांव राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 7 पर

## गिधौरी में शोपीस बनी पानी टंकी, दो वर्ष बाद भी घरों में पानी सप्लाई नहीं

मदन खांडेकर ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के करीब हजार गांवों में से 5 सौ गांवों को अब भी जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का इंतजार है। गांव-गांव में योजना अधूरी पड़ी है। वैसे भी इस योजना में जिले का प्रदर्शन निचले क्रम में है। जिले के जनपद पंचायत कसडोल के गिधौरी ग्राम पंचायत में 2 साल से पानी टंकी शो पीस बनी हुई है। घर-घर कनेक्शन देने के लिए किए गए गड्ढे भी वैसे ही पड़े हैं। यह अकेले गिधौरी की बात नहीं है, कसडोल जनपद पंचायत के ज्यादातर गांवों की यही स्थिति है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बेंगलुरु में बनाई जाएगी स्वदेशी बुलेट ट्रेन

**बेंगलुरू।** स्वदेशी बुलेट ट्रेन बी-28 का उत्पादन बंगलुरु में किया जाएगा। इन ट्रेनों का निर्माण सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नई और भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड मिलकर करेंगे। इन ट्रेनों के निर्माण के लिए 'आदित्य' विशेष परिसर तैयार किया गया है। बीइएमएल के तिप्पासांद्रा कैंपस के दौरे के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उच्च गति रेल के निर्माण के लिए समर्पित इस विशेष परिसर का उद्घाटन किया।

### आलाकमान के हर फैसले का पालन करेंगे : शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने रविवार को कहा कि वह और मुख्यमंत्री



सिद्धरमैया राज्य में नेतृत्व के मुद्दे पर कांग्रेस आलाकमान के हर फैसले का पालन करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने दिल्ली से लौटने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें पार्टी नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और वह उचित समय पर उचित निर्णय लेगा।

### यौन शोषण : मल्टीनेशनल कंपनी का सिद्दीकी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नासिक में कथित धर्मांतरण और यौन शोषण, फिर अमरावती में सेक्स स्कैंडल के खुलासे के बाद मुंबई से नया मामला सामने आया है। आरोप है कि एक अशरफ नाम का युवक कथित तौर पर कंपनी में साथ काम करने वाली हिंदू लड़कियों को टारगेट करता था। आरोपों के बाद मुंबई पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। एक लड़की ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके साथ अश्लील बात करता था।

### डिजिटल अरेस्ट, 2.07 करोड़ रुपये गंवाए

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** साइबर ठगों ने मंगलुरु के 61 वर्षीय एक व्यक्ति को डिजिटल गिरफ्त में लेकर



कथित तौर पर उसके साथ 2.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन अपराधियों ने खुद को सीबीआई अधिकारियों के तौर पर पेश किया।

### बुलंदशहर : तीन युवकों की गोली मारकर हत्या

**बुलंदशहर (उप्र)।** बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में कहासुनी के दौरान तीन युवकों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शनिवार देर रात खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड पर एक स्कूल के पास आपसी कहासुनी में तीन लोगों को गोली मार दी गई।

### अपने बागी सांसदों को लेकर केजरीवाल ने दिखाया सख्त रुख

# चड्ढा सहित 7 सांसदों का होगा टर्मिनेशन! आप ने उपराष्ट्रपति को भेजी याचिका

- पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का बताया स्पष्ट उल्लंघन
- संविधान की दसवीं अनुसूची का दिया हवाला

राघव चड्ढा सहित आम आदमी पार्टी के 7 सांसदों ने भाजपा जॉइन कर ली है। आप ने इस बड़े सियासी भूचाल के बाद उन 7 सांसदों के खिलाफ एक्शन लेने का मन बना लिया है। अरविंद केजरीवाल की पार्टी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति को याचिका भेजकर सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आप सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। बता दें, आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा जॉइन कर ली थी।

### कानूनी लड़ाई लड़ने का किया ऐलान

संजय सिंह कहा राज्यसभा के सभापति और भारत के उपराष्ट्रपति को एक याचिका भेजी गई है। इसमें



हमने अनुरोध किया है कि संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार इन सात सदस्यों की सदस्यता पूरी तरह से समाप्त कर दी जाए। मैंने उपराष्ट्रपति और सभापति से यह भी अनुरोध किया है कि वे इस मामले की सुनवाई जल्द से जल्द करें और इस पर एक निष्पक्ष फैसला दें। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट के कई फैसले मौजूद हैं। हम यह कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।



### चड्ढा ने मुझे भी 'फुसलाया' था : सीचेवाल

आप पार्टी न छोड़ने वाले सांसद संत सीचेवाल ने कहा कि राघव चड्ढा ने आजाद ग्रुप बनाने की बात कहकर मुझे 16, 17 और 18 अप्रैल को चाय पर बुलाया था लेकिन मैं वहां नहीं गया। मैंने उन्हें किसी तरह का आजाद ग्रुप बनाने या उसमें शामिल होने से मना कर दिया। इसी बीच आप छोड़ने वाले दूसरे राज्यसभा सांसद विक्रमजीत साहनी ने दावा किया कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने उनसे इस्तीफा मांगा था। मेरा मन भी बन गया था लेकिन फिर सलाहकारों ने रोक दिया। साहनी ने कहा कि पंजाब इस वक्त आईसीयू में है।

### अन्ना हजारे बोले-सख्त कानून बने

आप की मौजूदा बगावत पर समाजसेवी अन्ना हजारे ने मांग की कि दल-बदल के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाया जाए, जिससे जनता के साथ धोखा न हो। हजारे ने कहा, 'लोग अपने हितों को ध्यान में रखते हुए एक पार्टी से दूसरी पार्टी में चले जाते हैं, और जहां भी उन्हें अपने लिए लाभ दिखता है, वहां चले जाते हैं।'

### आप ने छीनी सिक्योरिटी तो केंद्र ने लगाई सीआरपीएफ

पंजाब की आप सरकार ने पूर्व क्रिकेटर व पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी की वाय कैटेगरी सिक्योरिटी हटा ली है। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। इसके तुरंत बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी।

# डीएमएफ घोटाले में आरोपी आईएएस टुटेजा का जमानत आवेदन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास ने कोरबा जिले के डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड से जुड़े फंड के इस्तेमाल में भ्रष्टाचार के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की तुरंत जमानत दिए जाने पेश याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा है कि जुर्म की गंभीरता, आवेदक की भूमिका और गवाहों को प्रभावित करने में आवेदक की स्थिति पर जमानत देना उचित नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि आर्थिक अपराध जानबूझकर और सोच-समझकर किया जाता है, जिसमें निजी फ़ायदे को ध्यान में रखा जाता है, चाहे समुदाय पर इसका कोई भी नतीजा हो, जिससे समुदाय का भरोसा और आस्था खत्म हो जाती है और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय हित को नुकसान होता है।



### कालाबाजारी पर सख्त एक्शन

ईओडब्ल्यू एवं एसीबी ने कोरबा जिले में डीएमएफ फंड घोटाला मामले में तत्कालीन इंडस्ट्रियल डिपोर्टमेंट के एडिशनल सिक्रेटरी अनिल टुटेजा को 23 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया है। जेल में बंद अधिकारी ने हाईकोर्ट में स्थाई जमानत दिए जाने आवेदन दिया था। आवेदन में सह आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत दिए जाने, मामले की सुनवाई में विलंब के आधार पर जमानत दिए जाने की मांग की गई थी। आवेदन पर जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास की कोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी अधिकारी के आवेदन को खारिज किया है।

### 24 घंटे में दूसरा दौरा करेंगे ईरानी विदेश मंत्री

# बातचीत को तैयार हुआ ईरान फिर पाक पहुंचे अराघची

एजेंसी ▶▶| तेहरान

पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व द्वारा तेहरान और वाशिंगटन के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने के प्रयासों के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची रविवार को फिर से इस्लामाबाद पहुंचे। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, अरागची शनिवार देर रात पाकिस्तान की राजधानी से रवाना हो गए थे। हालांकि, वह मॉस्को जाने से पहले इस्लामाबाद लौट आए। अरागची ओमान गए थे। ओमान होर्मुज जलमार्ग के दूसरी ओर स्थित है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस महीने की शुरुआत में हुई आमने-सामने की वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए क्षेत्र में कब लौट सकता है।



### ईरान ने नया शांति प्रस्ताव भेजा है: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान ने एक नया शांति प्रस्ताव भेजा, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। ट्रंप ने शनिवार को फ्लोरिडा से वाशिंगटन आने के लिए एयर फोर्स वन विमान में सवार होने से पहले कहा, 'उन्होंने हमें एक प्रस्ताव भेजा, जो बेहतर हो सकता था। दिलचस्प बात यह है कि जब मैंने इसे खारिज कर दिया तो 10 मिनट के अंदर हमें दूसरा प्रस्ताव मिला, जो काफी बेहतर है।' राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि ताजा प्रस्ताव में क्या है।

### कोलंबिया में आतंकी हमला

# बस में विस्फोट 13 लोगों की हुई मौत, 38 घायल



एजेंसी ▶▶| बोगोटा (कोलंबिया)

दक्षिण-पश्चिमी कोलंबिया में शनिवार को एक बस में सफर कर रहे लोगों को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 38 लोग घायल हो गए। देश के सेना प्रमुख ने इसे 'आतंकी हमला' बताया है। इस क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी हिंसा लगातार बढ़ रही है। काउका क्षेत्र के गवर्नर ऑक्टावियो गुजमान ने ▶▶|शेष पेज 7 पर

### दो दिन में 26 हिंसक घटनाएं

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि कई आदिवासी लोगों समेत निर्दोष नागरिकों को मारने वाले लोग आतंकवादी, फासीवादी और मादक पदार्थ के तस्कर हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या, ममता पर भड़के राहुल

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के प्रमुख शुभंकर सरकार ने आसनसोल में पार्टी के एक कार्यकर्ता की हत्या को रविवार को 'राजनीतिक हत्या' करार दिया। आसनसोल में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था। दिल्ली में, कांग्रेस ने इस हत्या को चुनाव के बाद की हिंसा करार देते हुए कहा कि पीड़ित देबदीप चटर्जी आसनसोल उत्तर



विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रसेनजीत पुइतांडी के करीबी सहयोगी थे। पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा, ममता सरकार के राज में टीएमसी के गुंडों ने पूरे बंगाल पर आतंक फैला रखा है। पुइतांडी ने दावा किया कि चटर्जी की हत्या 'स्थानीय पार्षद अनिमेष दास द्वारा संरक्षित तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने की थी।' चटर्जी इलाके में कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे और विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुइतांडी की हत्या 'स्थानीय पार्षद अनिमेष दास द्वारा संरक्षित तृणमूल के गुंडों ने की।'

RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
किसी भी मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रॉमा में हमेशा आपके साथ
• विशेषज्ञ टीम 24x7 उपलब्ध
• 2 मिनट में आकलन




• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा चेकअप एवं इलाज
• अत्याधुनिक मेडिकल एवं सर्जिकल ICU
• 125 बिस्तरों वाली आधुनिक सुविधायुक्त ICU (ECMO, CRRT)
• 24x7 विशेष प्रशिक्षित क्रिटिकल केयर ICU डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ
• 24x7 ट्रॉमा एवं स्ट्रोक टीम
• 24x7 कार्डियक केयर
24x7 आपातकालीन हेल्पलाइन
0771 6165656
श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर

### पीएम मोदी ने कहा, यह सिर्फ सरकारी काम नहीं

# जनगणना में अपनी सुविधा के अनुसार भरिए जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से जनगणना 2027 को मिलकर सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा, 'इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है। आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं।'

- मन की बात में बोले, जनगणना में भागीदारी हुई आसान
- 1 करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा



### इस बार का अनुभव रहेगा अलग

मोदी ने कहा, ये जनगणना का अभियान है। जो साथी पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव अलग होने वाला है। जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल ऐप है। वे आपसे बात करके उसी में जानकारी दर्ज करेंगे। 'जब आप प्रक्रिया पूरी करते हैं, तो आपको एक विशेष आईडी मिलती है। ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है।

### 1 करोड़ घरों की हुई लिस्टिंग

पीएम मोदी ने जानकारी दी कि जिन राज्यों में स्व-गणना का काम पूरा हो गया है, वहां गणना कर्मचारी की ओर से घरों के सूचीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों का मकान सूचीकरण का कार्य पूरा भी हो चुका है। उन्होंने कहा, 'देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है।' उन्होंने अपील करते हुए कहा, 'आपकी दी गई जानकारी पूरी तरह सुरक्षित रहती है। यह गोपनीय रखी जाती है। डिजिटल सुरक्षा के साथ इसे सुरक्षित किया जाता है। आइए, हम सब मिलकर इस प्रक्रिया में भाग लें।'



# शादी का कार्ड बांटने गए कांग्रेस नेता को यौन शोषण मामले में पुलिस ने धरा

**किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को अपनी शादी का कार्ड बांटने व अन्य कार्य करने के दौरान शनिवार को रायपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देर रात को जिला मुख्यालय लाकर आगे की कार्रवाई की गई। कांग्रेस नेता पर एक युवती ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि चंद्रावशी के खिलाफ एक युवती द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। पीड़ित युवती ने महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आरोपी ने विवाह का आश्वासन देकर वर्ष 2016 से अब तक उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादी से इंकार कर दिया। युवती ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि जब उसे आरोपी के विवाह की तैयारियों की जानकारी मिली, तब उसने स्वयं को ठगा हुआ महसूस करते हुए पुलिस की शरण ली।

**खास बातें**

- युवती ने लगाए शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण का आरोप
- महिला थाना पुलिस ने रायपुर से की गिरफ्तारी



### लंबे समय से था दोनों के बीच संबंध

रिपोर्ट के अनुसार दोनों के बीच 10 साल से संबंध था। युवती को जब कांग्रेस नेता की शादी तय होने की जानकारी मिली तो वह थाने पहुंची। युवती की रिपार्ट पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कांग्रेस नेता को रायपुर में गिरफ्तार कर लिया।

### शिकायत के आधार पर की गई कार्रवाई

पीड़िता की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके बाद प्रारंभिक जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी महिला थाना पुलिस द्वारा की गई है।

**पुष्पेन्द्र बघेल**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
कबीरधाम

### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 36, 81, 296, 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई थी, जिससे मामले के कुछ पहलुओं पर अभी स्पष्ट जानकारी आना शेष है। इस घटना के सामने आने के बाद जिले की राजनीति में भी हलचल देखी जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है। वहीं आम नागरिकों में भी मामले को लेकर गंभीर प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। फिलहाल मामले की सच्चाई पुलिस जांच, उपलब्ध साक्ष्यों और न्यायालयीन प्रक्रिया के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। प्रशासन द्वारा पूरे प्रकरण की विवेचना जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेगी।

## गड़बड़ी : जिले में विदेशी फंडिंग से आस्था पर चोट

# अमेरिकी मिशनरी से जुड़े फंड का सीधा लिंक कांकेर तक, ईडी जांच में उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर जिला के अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा विकासखंड के अंदरूनी गांवों में एक धीमा लेकिन गहरा बदलाव हुआ है, जहां पहले देवगुड़ी और आस्था का केंद्र हुआ करता था, वहीं अब पक्के और सुसज्जित चर्च नई पहचान बनाकर खड़े हो गए है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में इस बदलाव के आर्थिक पक्ष पर भी रोशनी पड़ी है। अमेरिकी मिशनरी नेटवर्क से जुड़े करोड़ों रुपये के फंड का कांकेर तक सीधा पहुंचना अब दस्तावेजों में दर्ज हो चुका है।

कांकेर जिला में विगत 6 माह से जो बवाल मचा, उसकी धूम पूरे देश में फैली और लगातार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाइ गई। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाने वाले लोगों के आय के स्त्रोत पर कभी भी नजर नही डाली। सरकार बस्तर संभाग के सभी जिलो में अंदरूनी इलाको में अचानक जीवन में जिनके बदलाव आया है, उन पर नजर रखने की जरूरत है और उनके आय की जाँच करने की जरूरत है। ऐसा हो गया तो कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे, जो चर्च बनवाने में मदद करते आ रहे है। कांकेर जिले के भीतरी इलाकों में बदलाव की कहानी केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भी हो गई है। कच्चे घरों वाले गांवों में अब पक्के चर्च निर्माण हो रहे हैं। जांच में सामने आया है कि अमेरिकी मिशनरी नेटवर्क से जुड़े विदेशी फंडिंग विभिन्न एजेंसियों के जरिए के जरिए कांकेर तक फंड पहुंचाया जा रहा है। जांच एजेंसियों के अनुसार ब्रिटेन में फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट (एफसीआरए) के तहत जांच की गई है। इसके बावजूद चर्च निर्माण और विस्तार तेजी से जारी है।

### जमीन पर दिखा असर, गांवों का बदलता केंद्र

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले 10 से 15 वर्षों में कांकेर में लगभग 600 से ज्यादा चर्च बने हैं। गांवों में चर्च का केंद्र बनना अब आम बात हो गई है। पहले जहां गांवों का सामाजिक जीवन देवगुड़ी और मेलों के इर्द-गिर्द होता था, वहीं अब चर्च की भूमिका बढ़ती जा रही है। इसके कारण गांवों की सामाजिक संरचना भी बदल रही है। इसके साथ ही कई परिवारों ने धर्म परिवर्तन भी किया है। गांवों में अलग-अलग मोहल्लों का निर्माण हो रहा है, जिससे सामाजिक विभाजन भी देखने को मिल रहा है।




### अवैध निर्माणों को तोड़ा जाना चाहिए

जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम का इस मामले में कहना है कि विदेशी मिशनरियों के इशारे पर बस्तर के आदिवासियों संस्कृति को खत्म करने की साजिश हो रही है। जांच पूरी होनी चाहिए और अवैध निर्माणों को तोड़ा जाना चाहिए। राज्य सरकार का धर्मांतरण विरोधी विधेयक 2026 अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में अहम कदम है। ईडी की जांच से स्पष्ट हुआ है कि विदेशी फंडिंग के जरिए गलत तरीके से गतिविधियां बढ़ाई जा रही थीं।

### एक के बाद एक चर्च, बदलती सामाजिक संरचना

कांकेर के आसपास के इलाकों में तेजी से चर्चों का निर्माण हुआ है। यहां 2017 में मौजूद चर्चों की संख्या अब कई गुना बढ़ चुकी है। जिले में अब लगभग हर गांव में एक चर्च मौजूद है। ईडी की जांच में पता चला है कि पिछले छह महीनों में लगभग 6.5 करोड़ रुपये बस्तर संभाग के माओवादी प्रभाव वाले इलाकों में खर्च किए गए हैं।

## कांकेर सांसद नाग को हाईकोर्ट से राहत मिली

**बिलासपुर।** कांकेर से निर्वाचित भाजपा सांसद भोजराज नाग पर ईवीएम मशीन में छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए तत्कालीन उम्मीदवार बीरेश ठाकुर ने निर्वाचन रद्द करने की मांग कर चुनाव याचिका पेश की थी। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि



मशीनों की दोबारा जांच के लिए कोई निर्देश तब तक जारी नहीं किया जा सकता जब तक मौखिक या डॉक्यूमेंट्री सबूत के ज़रिए गड़बड़ी के बारे में कोई सबूत रिकॉर्ड पर न रखा गया हो। याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को डॉक्यूमेंट्री सबूत रिकॉर्ड करने के बाद नई एप्लीकेशन फाइल करने की छूट दी गई है। हाईकोर्ट में यह एप्लीकेशन कांकेर से सांसद पद के उम्मीदवार बिरेश ठाकुर ने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर ,रिटर्निंग ऑफिसर को 26 अप्रैल 2024 को कांकेर पार्लियामेंट्री सीट के लिए हुए इलेक्शन में इस्तेमाल हुई ईवीएम (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपेट यूनिट) की चेकिग और वेरिफिकेशन करने की इजाज़त देने के लिए एक ऑर्डर जारी करने के लिए फाइल की है।

**कई तरह की गड़बड़ियां और गलत काम :** इस इलेक्शन पिटीशन में पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि,इलेक्शन प्रोसेस रिटर्निंग ऑफिसर ने गलत इरादे से किया था और इसमें कई तरह की गड़बड़ियां और गलत काम किए, जिससे इलेक्शन के नतीजे पर काफी असर पड़ा। पिटीशनर ने आरोप लगाया है कि दूसरी रैंडमाइजेशन रिपोर्ट में मशीन नंबर वीवीपेट यूनिट और अलग-अलग असेंबली सीटों गुंडरदेही नंबर 61, सिहावा नंबर 56, संजरीबालोड नंबर 59, डोंडी लोहारा (एसटी ) नंबर 60, और केशकाल नंबर 82 के पोलिग स्टेशनों के फॉर्म 17 सी में मशीन नंबर में कुछ अंतर हैं।

# सड़क हादसों में दो महिला सहित चार की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अलग- अलग सड़क हादसों में दो महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई है। हादसों में 12 अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है।

आज सुबह 8 बजे के लगभग मानपुर-दल्लीराजहरा नेशनल हाईवे-930 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। खड़गांव थाना क्षेत्र के बीटेझर और पैंदुर गांव के बीच टाटा पिकअप माल वाहक के पलट जाने से घटनास्थल पर दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई वहीं वाहन में सवार 12 महिला, पुरूष व बच्चे घायल हैं। जिसमें 7 की स्थिति बेहद नाजुक बताई जा रही है। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है।

उल्लेखनीय की मोहला विकासखंड के ग्राम परसघाट और मानपुर से ड्राइवर सहित 15 मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरूष व बच्चे वाहन टाटा पिकअप में सवार होकर उर्स के कार्यक्रम में शामिल होने राजनांदगांव पारीनाला गए हुए थे। राजनांदगांव से सुबह 5 बजे देवरी-दल्लीराजहरा होते हुए वापसी के दौरान 8 बजे के बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार दो महिलाओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



घटना की सूचना मिलते ही खड़गांव थाना प्रभारी संजय यादव की टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से घायल और मृतकों को अस्पताल पहुंचाया।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**बालोद।** देवरी थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे दो युवको की मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अछौली के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर अफरा–तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुरकाभाट गांव निवासी योगेंद्र और संदीप किसी काम से बाइक से जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।


HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान


## सौरभ का मंत्र-फिट रहें, पॉजिटिव सोचें और परिवार संग आगे बढ़ें



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

युवा फेस्ट के समापन समारोह में वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने कहा कि वे वही बातें करते हैं, जिन्हें अपने जीवन में अपनाते हैं। सिगरेट छोड़ने और बिना दहेज विवाह करने का उदाहरण देते हुए उन्होंने युवाओं को नशे और कुप्रथाओं से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में निरंतर सीखना, स्वयं को अपडेट रखना और सकारात्मक सोच बनाए रखना ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने विशेष रूप से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य (मेंटल हेल्थ) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस समय में संतुलित जीवनशैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। सौरभ द्विवेदी ने युवाओं से कहा कि वे बाहरी दुनिया की अनावश्यक आलोचनाओं और भ्रामक बातों से प्रभावित न हों, बल्कि अपने मन की सुनें और परिवार की सलाह को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि परिवार ही व्यक्ति का सबसे बड़ा शुभचिंतक होता है, इसलिए अपने माता-पिता, बहनों और परिवारजनों की चिंता करना और उनका ख्याल रखना हर युवा का दायित्व है। महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि “विकसित भारत” के निर्माण में माताओं और बहनों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को महापौर रामू रोहरा ने भी संबोधित किया। मंच पर कलेक्टर, डीएफओ सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

- धमतरी में वरिष्ठ पत्रकार द्विवेदी ने युवाओं को नशे से दूर रहने की दी सलाह

## पानी में जहर मिलाने वाले तीन शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गोडेना जलप्रपात के पानी में विषैले पत्तों को मिलाकर वन्य प्राणी एवं मछली का शिकार करने का प्रयास करने वाले तीन शिकारियों को एंटीपोचिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को देवभोग न्यायालय में पेश करने के बाद गरियाबंद जेल में दाखिल कराया गया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र इंदागांव/धुरवागुडी बफर के पीपलखूंटा सर्कल में वन कर्मचारियों एवं पेट्रोलिंग श्रमिकों ने पैदल गश्त के दौरान गोडेना



जलप्रपात के प्रवाहित जल को फावड़ा की सहायता से रोककर मछली एवं वन्य प्राणी के शिकार के उद्देश्य से पानी में वनक्षेत्र के विषैले पत्तों को मिलाते हुए पकड़ा। इस अपराध में शामिल ओडिशा के ग्राम अछला थाना रायघर निवासी चमरू कमार, लखीराम कमार, संजय कुमार को पकड़कर एंटीपोचिंग टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल
(महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड,ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care”
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130






# डुग डुग का ट्रेलर रिलीज, कॉमेडी सटायर के जरिए चौंकाती है कहानी

**मुंबई।** ऋत्विक प्रतीक निर्देशित फिल्म डुग डुग का ट्रेलर रविवार को रिलीज हुआ। यह एक सटायर और कॉमेडी फिल्म है। जल्द ही यह सिनेमाघरों में भी रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को अनुराग कश्यप, निखिल आडवाणी, विक्रमादित्य मोटवानी और वसन बाला जैसे फिल्ममेकर बातौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सपोर्ट कर रहे हैं। फिल्म डुग डुग का ट्रेलर की शुरुआत एक एक्सीडेंट से होती है, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो जाती है, कॉमेडी सटायर के जरिए कहानी चौंकाती है। फिल्म डुग डुग सिनेमाघरों में 8 मई को रिलीज होगी। इस फिल्म में अल्ताफ खान, गौरव सोनी, योगेंद्र सिंह और दुर्गा लाल सैनी जैसे कलाकार मुख्य किरदार निभा रहे हैं।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## अफवाहों में सच्चाई नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान की आगामी फिल्म मातृभूमि की रिलीज फिलहाल टल गई है। इसी वजह से फिल्म कई दिनों से चर्चाओं में बनी हुई है। लेकिन, फिल्म के टॉपिक को देखते हुए इसे स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज करने की खबरें सामने आ रही हैं। अब एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने सलमान को लेकर कुछ बड़े खुलासे किए हैं।



सलमान के साथ काम करने को लेकर चित्रांगदा ने कहा, 'फिल्म बहुत मेहनत से बनाई है, दिल से बनाई है। लोग सलमान के बारे में बहुत बातें करते हैं कि वो ऐसे हैं, वैसे हैं। मुझे भी इस बारे में काफी अफवाहें मिली थी। जैसे मुझे उन सब चीजों के लिए तैयार रहना होगा अगर सलमान समय पर न आएं या शूटिंग का शेड्यूल बढ़ जाए। उन्होंने आगे कहा, लेकिन असल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मैंने पहले से ही खुद को तैयार कर लिया था, क्योंकि इतने लोगों से ये अफवाह सुनी थी कि वो अनप्रोफेशनल हैं लेकिन इसमें बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। वो बहुत ही सहज और मिलनसार इंसान हैं। उनकी एक खास बात है कि वो सेट पर सबसे कम नजर आने वाले इंसान का भी ख्याल रखते हैं, चाहे वो लाइटमैन हो या चौथा एडी। वो पूछते हैं कि उन्होंने ब्रेक लिया या नहीं, समय पर खाना खाया या नहीं, उनके साथ कैसा व्यवहार हो रहा है। इतने साल इंडस्ट्री में काम करने के बाद भी उनमें ये चिंता होना वाकई कमाल की बात है। सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' कथित तौर पर 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस के आसपास रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 17 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई है।

टीवी मसाला



# द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज डेट बदली, एक मई को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** 'द केरल स्टोरी 2' पहले ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, पर अब इसकी डेट बदल दी गई है। अब 'द केरल स्टोरी 2 गोज़ बियॉन्ड' 1 मई को जी5 पर स्ट्रीम की जाएगी। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषा में भी देखा सकता है। 'द केरल स्टोरी 2' ओटीटी पर 8 मई को रिलीज होने वाली थी, जिसे लेकर वो सभी लोग एक्साइटेड थे, जो इसे थिएटर्स में नहीं देख पाए थे। लेकिन, अब फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट बदल दी गई है। मेकर्स ने नई डेट का ऐलान किया है, पर ऐसा क्यों किया गया, यह अभी तक साफ नहीं है। 'द केरल स्टोरी 2 गोज़ बियॉन्ड' थिएटर्स में 27 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई थी, पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाई जैसा 'द केरल स्टोरी' ने किया था। हालांकि, यह फिल्म उसका सीक्वल नहीं है, फिर भी पुरानी फिल्म को देखते हुए 'दे केरल स्टोरी 2' से काफी उम्मीदें थीं। यह फिल्म खूब विवादों में भी रही। 'द केरल स्टोरी 2' को 8 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम किया जाना था, पर अब इसे एक हफ्ते पहले रिलीज किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने फिल्म के नए प्रोमो के साथ नई रिलीज डेट के बारे में बताया है। अब यह जी5 पर 1 मई को दस्तक देगी। यानी उस दिन आप घर बैठे इसे आराम से देख पाएंगे। हिंदी के अलावा इसे तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी देख सकेंगे। 'द केरल स्टोरी 2' में अदिति भाटिया, उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा लीड रोल में नजर आईं।

## लौट रहा है कॉफी विद करण

**नई दिल्ली।** करण जौहर की फिल्मों के अलावा उनका रियलिटी शो 'कॉफी विद करण' भी काफी लोकप्रिय रहा है। हालांकि, शो को लेकर कई तरह की कंट्रोवर्सी भी देखने को मिली हैं। लेकिन, फैंस काफी वक्त से शो के नए सीजन का इंतजार कर रहे थे। बातचीत के दौरान एक दर्शक ने करण जौहर से कॉफी विद करण के संभावित वापसी की तारीख के बारे में पूछा। इस पर मुस्कुराते हुए करण ने कहा, 'दिवाली। सीजन 9।' यानी 'कॉफी विद करण' का नया सीजन इस साल दिवाली से आएगा। यह नौवां सीजन होगा। इससे पहले 'कॉफी विद करण' के 8 सीजन आ चुके हैं। 'कॉफी विद करण' का पहला सीजन साल 2004 में प्रसारित हुआ था। इसके बाद से अब तक शो के 8 सीजन आ चुके हैं। सभी सीजन करण जौहर ने ही होस्ट किए हैं।



# अंबानी के घर पहुंचीं रिहाना ने की आरती, खेली फूलों की होली

**मुंबई।** ग्लोबल आइकॉन रिहाना और उनके साथ कुछ मेहमान अंबानी परिवार के घर लंच के लिए पहुंचे। इस मौके पर ईशा अंबानी, श्लोका अंबानी, राधिका और अनंत अंबानी ने रिहाना का स्वागत किया। यह मुलाकात काफी खास रही। रिहाना का स्वागत मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी और छोटी बहू राधिका ने किया। दोनों रिहाना को देखकर काफी खुश हुईं। सिंगर रिहाना ने मुकेश अंबानी के परिवार के सदस्यों के साथ भगवान की आरती की। वह भारतीय संस्कृति और सभ्यता से काफी प्रभावित हुईं। भगवान की आरती करने के बाद रिहाना ने अंबानी परिवार के सदस्यों के साथ फूलों की होली खेली। इस पल का उन्होंने भरपूर आनंद लिया। ईशा अंबानी के साथ खासकर रिहाना ने जबरदस्त तरीके से फूलों की होली खेली। ईशा अंबानी ने रिहाना को एक कीमती उपहार भी दिया। इसे पाकर अमेरिकी सिंगर काफी खुश दिखीं। बता दें कि रिहाना के ब्यूटी ब्रांड ने मुकेश अंबानी की कंपनी के साथ मिलकर भारत में कदम रखा है। इससे पहले रिहाना साल 2024 में मुंबई आई थीं, तब उन्होंने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के शादी के जश्न में शिरकत की थी।



# ताल-2 से कटा ऐश्वर्या - अक्षय का पत्ता

**नई दिल्ली।** फिल्मी गलियारों में कुछ सीक्वल्स का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है जिनमें से एक 1999 में आई फिल्म 'ताल' भी है। सुभाष घई निर्देशित रोमांटिक फिल्म में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना की जोड़ी काफी पसंद की गई थी। सुभाष घई ने बताया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार हो गई है। उस ताल की जो एनर्जी है, कितनी पावरफुल है कि आज के जेन-जेड भी मुझे बोल रहे हैं ताल बनाएं। लेकिन, ताल का विषय जितना आसान लगता है, हकीकत में उतना ही मुश्किल है। उसका पूरा स्क्रिप्ट हम लगभग पूरा कर चुके हैं और अभी हम सही समय की तलाश में हैं। इसे बनाने के लिए प्योरिटी बहुत जरूरी है। ताल 2 में ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना फिर से रोमांस करते हुए नजर नहीं आएंगे। दरअसल, सुभाष घई नए चेहरों को लाना चाहते हैं। उन्होंने अनीत पड्डा और अहान पांडे का उदाहरण देते हुए कहा, 'अगर आपको याद हो तो जब ताल बनी थी तब अक्षय खन्ना और ऐश्वर्या राय इंडस्ट्री में नए थे। इसीलिए वो प्योरिटी स्क्रीन पर आई थी। अनिल कपूर एक स्टार थे और उन्हें फिल्म में भी एक स्टार के रूप में दिखाया गया था।' सुभाष घई ने आगे कहा, 'एक अच्छी स्क्रिप्ट लिखने के बाद मुख्य जिम्मेदारी कास्टिंग की होती है। जो मेरी फिल्म नहीं चली है, उसकी वजह सिर्फ गलत कास्टिंग थी। अहान पांडे और अनीत पड्डा अब स्टार बन चुके हैं। पर ताल 2 में किरदार नए लगने चाहिए।



# भूत बंगला बनी 100 करोड़ क्लब का हिस्सा, धुरंधर 2 ने भी दिखाया दम...


**नई दिल्ली।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जहां धुरंधर 2 कई दिनों से कब्जा जमाए बैठी है, वहीं भूत बंगला, गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में हाल ही में रिलीज हुईं। इसके अलावा भी कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कमाई करने की दौड़ में शामिल है।


### भूत बंगला को मिला वीकएंड का फायदा

अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला ने रिलीज के नौवें दिन यानी शनिवार को 10.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वहीं, फिल्म ने आठवें दिन 5.75 रुपए की कमाई की थी। फिल्म का कुल कमाई भी अब तक 100.90 करोड़ रुपए हो चुकी है। यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है।

### गिन्नी वेड्स सनी 2 का बुरा हाल

हाल ही में एक फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 रिलीज हुई। इस फिल्म ने पहले दिन 36 लाख रुपए कमाए, वहीं दूसरे दिन यानी शनिवार को सिर्फ 87 लाख रुपए की कमाई की है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 1.03 करोड़ रुपए है।





### धुरंधर 2 और डकैत की कमाई जारी

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को रिलीज हुए 38 दिन हो चुके हैं। इस फिल्म ने शनिवार को 3.54 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, फिल्म का कुल कलेक्शन भी 1,127.14 करोड़ रुपए हो चुका है। इसके अलावा साउथ इंडियन फिल्म डकैत की कमाई लाखों में सिमट गई है। रिलीज के 16वें दिन इस फिल्म ने 37 लाख रुपए ही कमाए हैं।

### माइकल दर्शकों को आ रही पसंद

हाल ही में माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' भी रिलीज हुई। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को 5 करोड़ रुपए कमाए। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी 10.40 करोड़ रुपए हो चुका है। यह फिल्म भारतीय दर्शकों को पसंद आ रही है।

# तेरे नाम ठुकराने का हुआ था नुकसान...

**नई दिल्ली।** अमीषा पटेल ने लगभग 23 साल बाद सलमान खान की फिल्म 'तेरे नाम' में न होने पर अफसोस जताया है। साल 2003 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म तेरे नाम बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। फिल्म में सलमान खान की हेयरस्टाइल ने एक नया ट्रेंड सेट किया था। सलमान के साथ फिल्म में भूमिका चावला ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उनकी भी तारीफ हुई थी। हालांकि, भूमिका से पहले ये रोल अमीषा पटेल को ऑफर हुआ था। अब अमीषा ने फिल्म को मना करने पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्म को ना कहा था? एक बातचीत में अमीषा ने 'तेरे नाम' को लेकर बात की। उन्होंने माना कि उन्हें 'तेरे नाम' को ना कहने का पछतावा है। एक्ट्रेस ने कहा कि काश मैं मना नहीं करती। लेकिन, जब सलमान ने मुझे ऑफर किया था तब सब कुछ हवा में था। फिल्म के लिए कोई निश्चित तारीख नहीं थी। यहां तक कि निर्देशक भी बोर्ड पर नहीं थे। सलमान तेरे नाम को लेकर बहुत उत्साहित थे और यह सही भी है। जब सतीश कौशिक बोर्ड पर आए तब तक मैं पहले से ही व्यस्त थी और दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर कमिटमेंट कर चुकी थी।





## चिंतन

# दुनिया को भारी पड़ रही दबाव की राजनीति

अमेरिका-ईरान वार्ता में अब दोनों देश दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। अमेरिका जहां होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी कर दबाव बनाना चाहता है, वहीं ईरान होर्मुज को रोककर दुनिया पर दबाव बना रहा है। इससे तेल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। यही बढ़ोतरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दबाव में लाती है। यह बात ईरान भी समझ गया है कि इससे खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों पर भी दबाव पड़ता है, जिसका असर ट्रंप पर भी दिखाई देता है। दोनों देश यह खेल अपनी-अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए खेल रहे हैं। इसलिए यहां कूटनीति के बजाय दबाव की राजनीति हावी होती दिख रही है। संवाद की जगह रणनीतिक दबाव ने ले ली है। नतीजा यह है कि तनाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। ईरान अमेरिका की शर्तों को पहले ही नकार चुका है। उसने शनिवार को पाकिस्तान में उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को अपनी नई मांगों का लंबा- चौड़ा पर्चा थमा दिया। इसके बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का पाक दौरा रद्द हो गया और वार्ता का यह दौर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया। ईरान यह बात पूरी तरह से समझ गया है कि ट्रंप अब खाड़ी युद्ध से निकलने का बहाना ढूंढ रहे हैं। इसमें ईरान से ऐसा आश्वासन चाहते हैं कि वह कह सकें कि वे जीत गए हैं। ईरान भी कुछ इस तरह का ही आश्वासन चाहता कि वह भी कह सके कि हम भी जीत गए हैं। अमेरिका की रणनीति भी कम आक्रामक नहीं है। वह दबाव बनाकर 'अनुकूल समझौता' चाहता है, ऐसा समझौता जिसे घरेलू राजनीति में जीत के तौर पर पेश किया जा सके, लेकिन यही वह बिंदु है, जहां कूटनीति कमजोर पड़ जाती है। जब वार्ता का उद्देश्य समाधान के बजाय 'जीत का नैरेटिव' बन जाता है तो समझौते की संभावनाएं स्वतः सीमित हो जाती हैं। असल समस्या यह है कि दोनों पक्ष "झुकने" को कमजोरी मान रहे हैं, जबकि कूटनीति में यही झुकाव समाधान का रास्ता खोलता है। इतिहास गवाह है कि बड़े से बड़े संकट भी तब सुलझे हैं, जब पक्षों ने अपने अहंकार को पीछे छोड़कर व्यावहारिकता को अपनाया है। मौजूदा हालात में न तो अमेरिका पीछे हटने को तैयार दिखता है और न ही ईरान। यह गतिरोध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं है। इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। अगर यह टकराव और बढ़ता है तो इसके परिणाम और गंभीर हो सकते हैं। एक क्षेत्रीय विवाद वैश्विक संकट में तब्दील हो सकता है, जिसकी कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संवाद के रास्ते बंद होते जा रहे हैं। जब वार्ता शुरू होने से पहले ही रद्द हो जाए, तो यह संकेत है कि विश्वास का संकट गहरा चुका है। ऐसे माहौल में छोटी-सी चिंगारी भी बड़े टकराव का रूप ले सकती है। ऐसे में यह गतिरोध कब टूटेगा, यह कहना बेहद मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका समेत दुनिया के लोग इस अहम के टकराव का नतीजा भुगत रहे हैं। दबाव की राजनीति अल्पकालिक जीत तो दिला सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं। अमेरिका और ईरान दोनों को यह समझना होगा कि शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा प्रभावी है संतुलित और सम्मानजनक संवाद। दुनिया आज जिस अस्थिरता से गुजर रही है, उसमें टकराव नहीं, बल्कि समाधान की जरूरत है। अगर समय रहते यह समझ नहीं आई, तो यह 'दबाव का खेल' पूरी दुनिया पर भारी पड़ता रहेगा।

# ज्यादा मतदान होने के किंतु-परंतु



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

> बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

अक्सर कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जतायी जाती है, लेकिन इस बार असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत ने राजनीतिक दलों- उम्मीदवारों की धुकधुकी और चुनावी पंडितों का काम बढ़ा दिया है। बेशक पश्चिम बंगाल में मतदान का दूसरा चरण शेष है, जिसमें 142 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, लेकिन उसमें भी उच्च मतदान प्रतिशत को लेकर संशय का कोई कारण नजर नहीं आता। हाई वोल्टेज चुनाव प्रचार और अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों वाले पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 92 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ है, जो चुनाव आयोग के मुताबिक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दशकों बाद बंगाल में व्यापक हिंसा के बिना मतदान एक सुखद आश्चर्य भी है। वैसे जिन चार राज्यों- असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव प्रक्रिया जारी है, उन सभी में मतदान का उच्च प्रतिशत सामने आया है।

मसलन, 23 अप्रैल को ही तमिलनाडु में सभी 234 सीटों के लिए हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा। नौ अप्रैल को असम में हुए मतदान का प्रतिशत 85 से भी ज्यादा रहा तो पुडुचेरी में 89 प्रतिशत से भी ज्यादा ऐतिहासिक मतदान हुआ। केरल ने भी 78 प्रतिशत से ज्यादा मतदान से 39 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। निश्चय ही उच्च मतदान प्रतिशत लोकतंत्र के लिए सकारात्मक है, लेकिन राजनीतिक दलों के लिए इसके परिणाम विरोधाभासी रहे हैं। चुनावी राजनीति में अंतिम क्षणों तक हार नहीं मानी जाती। सो, सत्ता के सभी दावेदार उच्च मतदान प्रतिशत की मन मुताबिक व्याख्या करते हुए उसे अपने अनुकूल बता रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के मुख्य चुनावी रणनीतिकार अमित शाह ने तो परिवर्तन की लहर बताते हुए 152 में से ही 110 सीटें जीतने की भविष्यवाणी भी कर दी है। दरअसल मतदान प्रतिशत की परंपरागत सरल व्याख्या यही की जाती रही है कि कम मतदान का अर्थ है कि मतदाता उदासीन हैं। यह भी कि वे वर्तमान सरकार के कामकाज से संतुष्ट हैं या उन्हें किसी से बेहतरी की उम्मीद नहीं, इसलिए किसी बदलाव की व्याकुलता उनमें नहीं है। इसी सोच से ज्यादा मतदान प्रतिशत का अर्थ यह निकाल लिया जाता है कि सत्ता विरोधी भावना तीव्र है और वर्तमान सरकार से असंतुष्ट मतदाता बदलाव के लिए व्याकुल हैं। बेशक मतदान प्रतिशत की यह व्याख्या मानवीय स्वभाव का सहज-सरल विश्लेषण करती है, लेकिन तमाम चुनावों में मतदान प्रतिशत में कमी या वृद्धि के बाद आये परिणाम इसकी पूर्णतः पुष्टि नहीं करते। आम तौर पर मान लिया जाता है कि मतदान में तीन से चार प्रतिशत की वृद्धि से सरकार बदल जाती है, लेकिन फिलहाल देश-दुनिया की निगाहों का केंद्र बने पश्चिम बंगाल में भी कम-ज्यादा मतदान के मिश्रित परिणाम सामने आते रहे हैं। मसलन, आपातकाल के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद 1977 में पश्चिम बंगाल में मतदान का प्रतिशत 52 ही रहा, पर कांग्रेस सत्ता से विदा हो गई।

वाम मोर्चा ने लगभग साढ़े तीन दशक तक बंगाल पर निष्कंटक राज किया, पर 2011 के विधानसभा चुनाव में जब ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने उससे सत्ता



छीनी, तब मतदान का प्रतिशत 84 के पार चला गया। ममता के दो मुख्यमंत्रित्व काल के बाद जब 2021 के चुनाव में मतदान प्रतिशत 82 रहा तो चुनावी पंडितों ने उसे सत्ता विरोधी भावना का संकेत माना, लेकिन 200 सीटें जीतने का दावा करने वाली भाजपा 77 पर ही अटक गई। नीतीश कुमार के जद यू ने भाजपा का साथ छोड़ कर 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव लालू यादव के राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में लड़ा था, लेकिन मात्र 57 प्रतिशत मतदान के बावजूद जबर्दस्त जीत हासिल की।

एसआईआर विवाद के बीच हुए 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 67 तक पहुंच गया, लेकिन पाला बदल कर फिर राजग में आ चुके नीतीश की सत्ता बरकरार रही। हां, पिछली बार सबसे बड़ा दल बना राजद आश्चर्यजनक रूप से 25 सीटों पर सिमट गया। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 के विधानसभा चुनाव में 61 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ तो सपा को सत्ता से बेदखल कर अरसे बाद प्रचंड बहुमत से भाजपा ने सत्ता में वापसी की। इसी तरह 2018 के विधानसभा चुनाव में जब त्रिपुरा में मतदान का प्रतिशत 89 पार पहुंचा तो वाम सत्ता को उखाड़ कर भाजपा सत्तासीन हो गई। कम-ज्यादा मतदान प्रतिशत के चुनावी परिणामों के मामले में अन्य राज्यों के अनुभव भी मिले-जुले रहे हैं। इसलिए मतदान प्रतिशत के आधार पर कोई एक धारणा बना लेना तर्कसम्मत नजर नहीं आता, क्योंकि उसमें कई कारक प्रभावी रहते हैं। इसीलिए चुनाव आयोग से अपेक्षा रहती है कि वह मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान की तारीखें तय करे और सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध भी करे। बेशक पश्चिम बंगाल में उच्च मतदान प्रतिशत में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबंधों की भी भूमिका रही होगी।

लगातार तीन कार्यकाल के बाद सत्ता विरोधी भावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता, लेकिन अन्य कारणों को नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं होगी। बिहार से शुरू एसआईआर विवाद से बड़ी संख्या में लोगों को मताधिकार ही नहीं, अपनी नागरिकता पर भी तलवार लटकी नजर आ रही है। रोजी-रोटी की तलाश में पलायन को मजबूर प्रवासी इसीलिए बड़ी संख्या में जैसे-तैसे इस बार मतदान के लिए अपनी घर वापसी की कवायद करते दिखे। नागरिकता पर संकट तो जीवन के लिए ही महासंकट है। मताधिकार से वंचित और मतदान में अनुपस्थित होने पर, तमाम राज्य सरकारों द्वारा जन कल्याण के नाम पर शुरू नकदी तथा मुफ्त योजनाओं के लाभार्थियों की सूची से भी नाम कट जाने का खतरा है। इनमें भी महिला केंद्रित योजनाएं ज्यादा हैं, जिनका परिणाम महिलाओं की मतदान में लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के रूप में सामने आ रहा है।

जब प्रवासी महिलाएं मतदान के लिए अपने घर लौटती हैं तो परिवार के पुरुष सदस्य भी लौटेंगे ही और जब लौटेंगे तो मतदान भी करेंगे। वैसे मतदान के प्रतिशत में उछाल का एक और तार्किक कारण एसआईआर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम कट जाना भी हो सकता है। काटे गये नामों की संख्या और कारणों पर विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे हैं। प्रभावित वर्गों में एसआईआर प्रक्रिया के विरुद्ध गोलबंदी भी उच्च मतदान प्रतिशत का कारण हो सकती है। बेशक नाम कटने से मतदाताओं की संख्या घटी है, पर अगर नाम काटे गए मतदाताओं में से बहुत सारे वास्तव में हैं ही नहीं, तो पिछली बार जितने ही मतदाताओं द्वारा मतदान करने पर भी मतदान का प्रतिशत अपने आप बढ़ जाएगा।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# भारत से खाद्यान्न निर्यात होने का नया परिदृश्य

हाल ही में केंद्र सरकार ने गेहूं निर्यात को 25 लाख टन से बढ़ाकर 50 लाख टन किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की भी अनुमति दी है। इससे जहां वैश्विक खाद्य संकट के बीच गेहूं की वैश्विक आपूर्ति में मदद मिलेगी, वहीं घरेलू बाजार में स्थिरता बनाए रखने और किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना भी सुनिश्चित हो सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 24 अप्रैल को केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए वर्ष 2026-27 का लक्ष्य 15 प्रतिशत बढ़ाकर 3.45 करोड़ टन कर दिया है, जो अब तक का गेहूं खरीद का रिकॉर्ड स्तर है। इससे गेहूं उत्पादक किसान अत्यधिक लाभांवित होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष से दुनियाभर में खाद्य संकट बढ़ गया है। चूंकि इस युद्ध के कारण उर्वरकों की भारी कमी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को नुकसान पहुंचा है, उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं, अतएव दुनिया में खाद्यान्न के दाम ऊंचे बने रहने के साथ खाद्य सुरक्षा के लिए संकट बना रहने का खतरा है। हाल ही में प्रकाशित वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के मुताबिक इस समय दुनिया में 31.9 करोड़ लोग भूख से पीड़ित है। अब पश्चिम एशिया दुनिया के लाखों अतिरिक्त लोग भूखमरी का शिकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह वैश्विक भूख की चुनौती के बीच भारत खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में अनुकूल स्थिति में है और दुनिया को भूख की चुनौती से राहत दिलाने के मद्देनजर खाद्यान्न निर्यात के लिए तत्पर है। यह कोई छोटी बात नही है कि इस समय भारत की मुठ्ठी में 31 मार्च 2026 तक 6.02 करोड़ टन गेहूं और चावल का रिकार्ड सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) भारत की आर्थिक ताकत बन गया है। इस रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से भारत एक साल तक की अपनी खाद्यान्न की जरूरत को सरलतापूर्वक पूरा कर सकता है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य ऐतिहासिक स्तर पर है। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी गई है। देश की थाली के सबसे अहम हिस्से यानी चावल और गेहूं के मोर्चे पर भी भारत ने अपनी जोरदार बढ़त कायम रखी है। दालों के उत्पादन में भी पिछले वर्ष की तुलना में बढ़त इस बार उभरकर दिखाई दे रही है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध विराम के पहले खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच भारत में अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन एक 'सुरक्षा कवच' की तरह रहा है। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे। हाल ही में दुनिया के कृषि विशेषज्ञ और ब्राजील पोटाश के सीईओ मेट सिंपसन ने कहा कि दुनिया में लगातार खाद्य संकट बढ़ता जा रहा है। उर्वरक की कमी के कारण यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कृषि उत्पादों की बुआई पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में कई देशों के लिए खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर आयात जरूरी होता जा रहा है। कोरोनाकाल में भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया था। अब एक बार फिर जब दुनिया में खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि अनाज बर्बाद होने से बचाने के लिए देश में 2028 तक सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से कारगर क्रियान्वयन की डगर पर आगे बढ़ाया जाए। उम्मीद करें कि खाद्यान्न संकट की वैश्विक चिताओं के बीच भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से देश के आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात में अहम योगदान देने वाले प्रमुख कृषि निर्यातक देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है। उसे निजता से सार्वभौमिकता या समग्रता की ओर चलना होगा।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
**प्रेरणा**

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मतदान प्रतिशत बढ़ने के मायने**

लोकतंत्र को मजबूत करने में सबसे बड़ा योगदान होता है मतदाता का। जितना ज्यादा मतदान होगा लोकतंत्र उतना मजबूत होगा और लोकतंत्र की व्याधियां दूर होंगी, लेकिन यह तभी संभव है जब मतदाता राजनीतिक तौर पर जागरूक होकर मतदान करें। हाल ही में बंगाल-तमिलनाडु में बंपर मतदान इस बार के विधानसभा चुनाव में हुआ, और बताया जा रहा है कि वहां आजादी के बाद यह सबसे ज्यादा मतदान का आंकड़ा है। बंगाल में लगभग 92 और तमिलनाडु में लगभग 84 प्रतिशत से ऊपर का मतदान हुआ है। इस भारी मतदान से सभी राजनीतिक दल यह अंदाजा लगा रहे हैं कि यह मतदान हमारे पक्ष में हुआ है, लेकिन लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट बैठ जाए, कोई पता नहीं। परिणाम आना अभी शेष है। *-राजेश पटवा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### टीएमसी की हार तय



बनगाँव में हुई विशाल रैली से यह स्पष्ट और निर्णायक संकेत मिलता है कि टीएमसी की हार निश्चित है। पश्चिम बंगाल भर में भ्रष्टाचार, कुशासन और टूटे वादों को लेकर लोगों का गुस्सा चरम पर है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### रघु राय को श्रद्धांजलि



रघु राय के लेंस ने छह दशकों से अधिक समय तक भारत की आत्मा को अपने कैमरे में कैद किया। उन्होंने सिर्फ तस्वीरें नहीं खींचीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की स्मृति को संजोकर रखा। उनके परिवार, सहयोगियों और उनकी कला से प्रभावित अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।
- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### सामूहिक जिम्मेदारी



भीषण गर्मी का सबसे भयावह असर हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों पर पड़ रहा है। यदि आपके घर या आसपास कोई श्रमिक काम कर रहा है, तो उनके लिए पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था करें। इनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### हमारा वास्तविक भविष्य



हमारी फसलों का स्वास्थ्य ही हमारा वास्तविक भविष्य है। यदि फसल सुरक्षित और फलदायी होगी तो किसानों और राष्ट्र का भविष्य भी समृद्ध होगा। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के साथ, बेहतर भविष्य की ओर एक कदम।
- **अक्षय कुमार**, बॉलीवुड एक्टर

## करंट अफेयर


# संरा महासचिव के उम्मीदवारों से कई मुद्दों पर सवाल-जवाब



संयुक्त राष्ट्र का अगला महासचिव बनने की दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों ने इस सप्ताह दुनिया में शांति बहाल करने, बढ़ती गरीबी रोकने और वैश्विक संकटों से निपटने जैसे मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने इसे नौकरी के लिए दुनिया के सबसे कठिन साक्षात्कारों में से एक बताया। इन उम्मीदवारों में चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेत, अर्जेंटीना के राफेल ग्रोसी, कोस्टा रिका की रेबेका ग्रिन्सपैन और सेनेगल के पूर्व राष्ट्रपति मैकी साल शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य उम्मीदवार भी बाद में इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के वर्तमान महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कार्यकाल एक जनवरी को समाप्त होगा। चारों उम्मीदवारों ने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र के तीन मुख्य स्तंभों शांति, विकास और मानवाधिकार को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने ईरान, गाजा, यूक्रेन और सूडान जैसे संकटग्रस्त क्षेत्रों में संयुक्त राष्ट्र की सीमित भूमिका पर चिंता जताई और संस्था में सुधार की जरूरत बताई। मिशेल बाचेलेत (74) ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को संकट आने से पहले उन्हें रोकने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने संवाद, एकजुटता और सक्रिय नेतृत्व पर जोर दिया।

## ऑफ बीट

# 'इंटरवल रनिंग' भी सेहत के लिए बेहद उपयोगी



दौड़ना न केवल बीमारियों से बचाव करता है, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को भी धीमा करता है। इंटरवल रनिंग वास्तव में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) का एक हिस्सा है, जिसमें तीव्र गति से दौड़ने के छोटे सत्रों के बाद विश्राम या धीमी गति से दौड़ने का समय शामिल होता है। यह पद्धति पिछले कुछ वर्षों में टबाटा और क्रॉसफिट जैसे वर्कआउट्स के ज़रिये लोकप्रिय हुई है। कैसे काम करता है इंटरवल रनिंग : एचआईआईटी में, उदाहरण के तौर पर, 30 सेकंड तक तेज़ गति से दौड़ने के बाद 30 सेकंड का आराम किया जाता है। यह प्रक्रिया कई बार दोहराई जाती है। इसी सिद्धांत को दौड़ने में शामिल करते हुए, "10-20-30 विधि" अपनाई जा सकती है, जिसमें पहले 30 सेकंड तक चलना या हल्की दौड़, फिर 20 सेकंड तक मध्यम गति की दौड़ और फिर 10 सेकंड की तेज़ स्प्रिंटिंग यानी तेज गति से दौड़ शामिल होती है। "फार्टलेक" स्वीडिश शब्द है जिसका अर्थ 'स्पीड प्ले'' होता है। व्यायाम के लिए यह विधि भी एक आसान तरीका है जिसमें धीमी दौड़ के बीच-बीच में कुछ सेकंड की तेज़ दौड़ शामिल होती है। इंटरवल रनिंग हृदय संबंधी सेहत, मेटाबॉलिक स्वास्थ्य और शारीरिक संरचना (वसा की मात्रा और वितरण) में बेहतर सुधार लाती है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- आईसीयू में उपचार महज प्रक्रिया नहीं, जीवन बचाने का अनिवार्य मिशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वास्थ्य सेवाओं को जीवन की अंतिम उम्मीद माना जाता है, और जब बात 'इंटेन्सिव केयर यूनिट' (आईसीयू) की हो, तो वहां की एक-एक सेकंड की महत्ता और भी बढ़ जाती है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश भर में क्रिटिकल केयर सेवाओं में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आईसीयू के लिए निर्धारित 'न्यूनतम मानक दिशानिर्देशों' को लागू करने हेतु एक 'यथार्थवादी और व्यावहारिक' कार्ययोजना तैयार करने का आदेश दिया है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आईसीयू में उपचार केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जीवन बचाने का एक अनिवार्य मिशन है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 मई को निर्धारित है।

### कोर्ट के आदेश से गंभीर मरीजों को मिलेगी मदद

*कोर्ट का यह रुख उन मरीजों के लिए एक बड़ी उम्मीद है, जिन्हें जीवन की कठिन घड़ी में गंभीर चिकित्सा की आवश्यकता होती है। इस योजना में सबसे पहले पांच बुनियादी प्राथमिकताओं की पहचान की जाएगी, जो मैनपावर (स्टाफ) और उपकरण दोनों से जुड़ी होंगी। इसके साथ ही, कोर्ट ने इन दिशानिर्देशों के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन और उनकी निरंतर निगरानी के लिए एक ठोस तंत्र विकसित करने पर भी जोर दिया है। इस पूरी कवायद को तीन सप्ताह के भीतर पूरा करके अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा गया है।*

- सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को एक्शन प्लान बनाने का निर्देश
- सुप्रीम कोर्ट ने आईसीयू के न्यूनतम मानक लागू करने का निर्देश दिया
- नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू प्रबंधन में विशेष प्रशिक्षण मिलेगा



सभी राज्यों को एक सप्ताह में कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी

### कोर्ट का कार्ययोजना बनाने का निर्देश

*कोर्ट ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभागों के प्रमुख (अपर मुख्य सचिव/सचिव) एक सप्ताह के भीतर विशेषज्ञों के साथ बैठक कर एक कार्ययोजना बनाएं। पीठ ने जोर देकर कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सेवा केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि नागरिकों का अधिकार है, जिसे एक सुदृढ़ ढांचे की आवश्यकता है।*

### नर्स स्टाफ को किया जाए विशेष प्रशिक्षित

इस सुनवाई का एक अत्यंत भावपूर्ण और व्यावहारिक पहलू नर्सिंग स्टाफ को लेकर सामने आया। कोर्ट ने इस सुझाव का पुरजोर समर्थन किया कि चूंकि डाक्टर समय-समय पर ही मरीज को देख पाते हैं, जबकि नर्सें चौबीसों घंटे उनके साथ रहती हैं, इसलिए उन्हें आईसीयू प्रबंधन में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल और पैरामेडिकल काउंसिल को भी इस मामले में पक्षकार बनाया है।

### प्रशिक्षण माड्यूल में बदलाव

उनसे कहा गया है कि वे अपने पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण माड्यूल में बदलाव करें ताकि भविष्य में निकलने वाले स्वास्थ्य कर्मी आईसीयू की जटिल स्थितियों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हों। स्वास्थ्य मंत्रालय को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे इन दिशानिर्देशों को एक एडवाइजरी के रूप में सभी राज्यों के साथ साझा करें और अपनी वेबसाइट पर भी अपलोड करें।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 12वीं के नतीजे 30 अप्रैल तक होंगे घोषित

**नई दिल्ली।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड के नतीजे 30 अप्रैल, 2026 तक जारी कर दिए जाएंगे। इस बार कॉपियों की जांच के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग का तरीका इस्तेमाल किया गया है। परीक्षाएं 10 अप्रैल को खत्म हो गई थीं और अब नतीजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। छात्र cbse.gov.in, cbseresults.nic.in, डिजी लॉकर या उमंग ऐप पर अपने परिणाम देख सकते हैं। डिजी लॉकर या उमंग से नतीजे कैसे देखें नतीजे देखने के लिए अपना रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड का आईडी नंबर तैयार रखें।

### नीट यूजी एडमिट कार्ड आज किया जाएगा जारी

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स के लिए एक बड़ा




अपडेट है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज जारी होने वाले एडमिट कार्ड को स्थगित कर दिया है। एनटीए ने बताया अब नीट यूजी एडमिट कार्ड 27 अप्रैल को जारी किया जाएगा।

### हिमाचल में 9 साल बाद फिर अपार्टमेंट एक्ट

सोलन में चेस्टर हिल प्रोजेक्ट में कायदे कानूनों को ताक पर रखकर हुए निर्माण से सबक लेकर सरकार



ने 9 साल बाद प्रदेश में अपार्टमेंट एक्ट को दोबारा लागू करने का फैसला किया है। प्रदेश में आवासीय परियोजनाओं के मनमाने निर्माण पर अंकुश लगेगा और बाह्य विकास शुल्क की वसूली शुरू होगी। प्रदेश की आय होगी।

### दिल्ली के नरेला में फैक्टरी में लगी आग

**नरेला।** दिल्ली के नरेला में एक फैक्टरी में आग लग गई। रविवार सुबह नरेला में प्लास्टिक दाने की



फैक्टरी में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 10गाड़ियां आग बुझाने में जुटी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। काबू कर लिया है।

### माली के कई क्षेत्रों में हुए सिलसिलेवार हमले

# आतंकी हमले से दहला माली, रक्षा मंत्री कैमारा, पत्नी और दो पोते-पोतियों की मौत

एजेंसी ▶▶| माली

माली में एक बड़े आतंकी हमले को अंजाम दिया गया है। अल-कायदा से जुड़ा जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोहियों ने मिलकर देश के कई हिस्सों पर एक साथ हमला किया। इस हमले में माली के रक्षा मंत्री सादियो कैमारा की मौत हो गई। शनिवार को राजधानी बमाको के पास काटी शहर में उनके घर पर आत्मघाती कार से हमला किया गया। इस हमले में रक्षा मंत्री सादियो कैमारा, उनकी दूसरी पत्नी और उनके दो पोते-पोतियों की मौत हो गई है।

यह हमला इतना जबरदस्त था कि इसने राजधानी बमाको के बाहरी इलाकों को दहला दिया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस और यूरोपीय संघ ने इन आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की अपील की है।

**अल-कायदा से जुड़े जिहादी संगठन जेएनआईएम और तुआरेग विद्रोहियों ने मिलकर देश के कई हिस्सों पर एक साथ किया हमला**





### देश के कई हिस्से में हुए हमले

विद्रोहियों ने देश के कई हिस्सों में एक साथ हमले किए। रविवार को काटी, किदाल, गाओ और सेवेरे जैसे इलाकों में फिर से भारी गोलाबारी और लड़ाई शुरू हो गई है। तुआरेग विद्रोहियों ने दावा किया है कि किदाल अब पूरी तरह उनके नियंत्रण में है। एक समझौते के तहत माली की सेना और उनके सहयोगी रूसी बलों को वहां के मिलिट्री कैंप से सुरक्षित निकलने की अनुमति दी गई है।

### किदाल पर फिर विद्रोहियों ने किया कब्जा

बता दें कि नवंबर 2023 में रूसी वैगनर ग्रुप की मदद से माली की सेना ने किदाल को विद्रोहियों से वापस लिया था, जो अब फिर उनके हाथ से निकल गया है। सरकार का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन जमीन पर हालात अलग हैं। राजधानी बमाको में सैन्य ठिकानों के रास्ते बंद कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट के पास के इलाकों में रहने वाले लोग धमाकों की आवाज से डरे हुए हैं।



### सोने की खदानों वाले क्षेत्रों में हमले

जानकारी के मुताबिक, माली में तुआरेग विद्रोहियों और अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन ने देश के कई हिस्सों में एकसाथ हमला किया। इन हमलों को पिछले कई सालों में सबसे बड़ा और सबसे संगठित अटैक बताया जा रहा है। अधिकतर हमले बामाको के आसपास और सोने की खदानों वाले क्षेत्रों में किए गए।

### बड़ी प्लानिंग कर रहा विद्रोही संगठन

बता दें कि माली में पहले हुए शांति समझौते टूट चुके हैं, जिसके चलते आतंकी समूह और बागी वापस मजबूत हो चुके हैं। ऐसे में कई जगहों पर एकसाथ हमलों ने बता दिया है कि ये संगठन मिलकर कुछ बड़ा करने वाले हैं। बता दें कि पहले आतंकी केवल दूरदराज के क्षेत्रों में अटैक करते थे, लेकिन इस बार उन्होंने बामाको के साथ ही उसके आसपास एक मिलिट्री बेस पर भी हमला किया। इसमें रक्षा मंत्री की मौत हुई है और देश के कई अन्य शहरों में बम धमाके हुए हैं।

### मिलिट्री बेस पर किए बड़े हमले

रिपोर्ट के अनुसार, आतंकियों ने बामाको के बाहर स्थित काटी मिलिट्री बेस पर कई धमाके किए। रक्षा मंत्री सादियो कैमारा इसी जगह पर रहते थे। ऐसे में उनके घर पर हुए हमले में उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि माली में शुरुआत से ही स्थिति बेहद नाजुक थी। इस साल 2020-21 में सेना ने सत्ता संभालते समय वादा किया था कि देश में सुरक्षा बहाल की जाएगी। लेकिन अब जब इतना बड़ा हमला हो गया है कि सरकार की मुसीबत बढ़ गई है।

# कुएं में गिरे शिकारी और शिकार, हुई 'अनोखी दोस्ती'

## बछड़ा चाटने लगा तेंदुए का चेहरा



एजेंसी ▶▶| पन्ना

मध्यप्रदेश के दक्षिण पन्ना वनमण्डल के रैपुरा रेंज से एक ऐसी खबर आई है जिसने वन्यजीव विशेषज्ञों और ग्रामीणों को हैरान कर दिया है। आमतौर पर कुएं में गिरे तेंदुए को किसी भी जीव के लिए मौत का पैगाम माना जाता है, लेकिन ग्राम मक्केपाला में कुएं के भीतर शिकारी और शिकार के बीच दुश्मनी की जगह अनोखी दोस्ती का मंजर देखने को मिला। ग्राम मक्केपाला में एक तेंदुआ और बछड़ा अचानक एक गहरे कुएं में गिर गए। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल की टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर मोर्चा संभाला।

### शिकार की जगह दिखा 'प्रेम'

उपवनमण्डल अधिकारी रचना शर्मा और रेंज अधिकारी विवेक जैन के नेतृत्व में एक बेहद तकनीकी रेस्क्यू प्लान तैयार किया गया। जब रेस्क्यू टीम कुएं के पास पहुंची, तो वहां का नजारा देख सबकी आंखें फटी रह गईं। जिस बछड़े को तेंदुए का निवाला बन जाना चाहिए था, वह तेंदुए के साथ बेहद सहज था। बछड़ा समय-समय पर तेंदुए के पास जाकर उसे चाट रहा था। आमतौर पर हिंसक प्रवृत्ति वाला तेंदुआ भी शांत रहा और उसने बछड़े को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। विशेषज्ञों का मानना है कि तनावपूर्ण स्थिति में दोनों जीवों ने एक-दूसरे के साथ सुरक्षा की भावना महसूस की, जो प्रकृति का एक दुर्लभ उदाहरण है।

### रेस्क्यू की 'मास्टर प्लानिंग'

वन विभाग ने तेंदुए को बाहर निकालने के लिए लकड़ी के भारी लट्ठों और रस्सियों की मदद से एक अस्थायी सीढ़ी तैयार की.। जिससे तेंदुआ बछड़े को बिना नुकसान पहुंचाए बाहर निकल गया। वह गांव में न घुसे, इसके लिए गांव की ओर ट्रैक्टरों और वाहनों की दीवार खड़ी कर दी गई। वहीं, जंगल की ओर जाने वाले रास्ते की फेंसिंग हटा दी गई ताकि तेंदुआ सीधे अपने प्राकृतिक आवास में जा सके।तेंदुआ सीढ़ी के सहारे बाहर निकला और सीधे जंगल की ओर दौड़ गया। इसके तुरंत बाद वन विभाग ने बछड़े को भी सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

- अहमदाबाद एयरपोर्ट का कस्टम विभाग भी रह गया दंग

# एक पेन की कीमत 50 हजार! जापानी यात्री से 61 पेन जब्त

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने तस्करी के एक अनोखे मामले का भंडाफोड़ किया है। जापान से वियतनाम होते हुए अहमदाबाद पहुंचे एक यात्री के पास से 61 कीमती डिजाइनर पेन बरामद किए गए हैं। इन पेनों की कुल कीमत करीब 25 से 30 लाख रुपये आंकी जा रही है।

आज सुबह वियतजेट की फ्लाइट नंबर VJ 1805 से हो ची मिन्ह सिटी होते हुए जापान से अहमदाबाद पहुंचे एक पुरुष यात्री को संदिग्ध व्यवहार करते हुए पाया गया। सीमा शुल्क विभाग ने स्कैनिंग के दौरान यात्री के सामान में कुछ संदिग्ध तस्वीरें पाईं, जिसके आधार पर यात्री को रोका गया और उसके सामान की गहन तलाशी ली गई।

### एक पेन की कीमत में आ जाए 'आईफोन'

तलाशी के दौरान, यात्री के सामान से 61 प्रीमियम डिजाइनर और उच्च मूल्य के इंक पेन बरामद हुए। जांच



में पता चला कि यात्री ने सीमा शुल्क से बचने के लिए जानबूझकर इन पेनों को छिपाया था। एक पेन की अनुमानित कीमत 40 हजार से 50 हजार रुपये है।

### 30 लाख के 'राजशाही' पेन बरामद

जब्त की गई कुल वस्तुओं का अनुमानित बाजार मूल्य 25 से 30 लाख रुपये है। सभी वस्तुओं को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया है। हालांकि, इस पेन की सटीक कीमत अभी तक आधिकारिक रूप से निर्धारित नहीं की गई है, क्योंकि सीए इसका मूल्यांकन करेगा। इस मामले में यात्री से पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

# कोलकाता में ईडी का बड़ा एक्शनः 'सोना पप्पू' के 'पैसे के खेल' का पर्दाफाश



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने कोलकाता के आनंदपुर और अलीपुर इलाकों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई फरार सोना पप्पू से जुड़े एक बड़े जमीन हड़पने और वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में की गई है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि पप्पू ने अपने अवैध धंधों के लिए कैसे स्थानीय बिजनेस कनेक्शन का सहारा लिया। दरअसल, इस कार्रवाई का मकसद शहर में फैले ऐसे धोखाधड़ी वाले प्रॉपर्टी नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करना है।

### जांचकर्ताओं को छद्म कंपनियों के सबूत मिले

यह सारी कार्रवाई पीएमएलए के तहत की जा रही है। जांचकर्ताओं का कहना है कि उन्हें ऐसे सबूत मिले हैं कि पप्पू अवैध लेन-देन को छिपाने के लिए कई छद्म कंपनियां चला रहा था। जैसे-जैसे नए सुराग मिल रहे हैं, ऐसे में आने वाले दिनों में और भी जगहों पर छापेमारी होने की संभावना है। अधिकारी अब इस 'पैसे के खेल' की पूरी परतें खोलने में जुटे हैं, ताकि पता चल सके कि ये धोखाधड़ी कैसे काम करती थी।

# राहुल,बोले- राजनीति का मतलब नफरत नहीं, समानता और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली विश्वविद्यालय और गार्गी कॉलेज की छात्राओं से मुलाकात कर महिला सशक्तिकरण, राजनीति, समानता और महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज की युवा छात्राएं स्पष्ट सोच, मजबूत अभिव्यक्ति और बेझिझक अपने विचार रखने की क्षमता के साथ नई राजनीति की पहचान बन रही हैं।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय और गार्गी कॉलेज की छात्राओं से बातचीत बेहद रोचक, स्पष्ट और ऊर्जा से भरपूर रही। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं की सबसे बड़ी पहचान, उनकी बिना झिझक अपने विचार रखने का आत्मविश्वास है।

### महिला आरक्षण विधेयक पर छात्राओं की स्पष्ट राय

बातचीत के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पर भी छात्राओं ने अपनी स्पष्ट राय रखी। छात्राओं का कहना था कि यह केवल महिला सशक्तिकरण का मुद्दा नहीं था, बल्कि परिसीमन के जरिए सत्ता संतुलन बदलने का एक माध्यम भी था। राहुल गांधी ने कहा कि छात्राओं ने बिना किसी हिचक के यह भी स्पष्ट किया कि वे हिंसा, नफरत और पितृसत्ता की राजनीति को पूरी तरह खारिज करती हैं।

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

# राष्ट्र की वास्तविक ताकत ही मस्तिष्कों की 'सृजनशीलता' ही




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बौद्धिक संपदा वह अमूर्त धरोहर है, जो मानव की बुद्धि, कल्पना और सृजनात्मक श्रम से जन्म लेती है। यह किसी पुस्तक के शब्दों में अभिव्यक्त होती है, किसी धुन की लय में प्रवाहित होती है, किसी वैज्ञानिक सूत्र में सन्निहित रहती है, या किसी उत्पाद के अभिनव डिज़ाइन में आकार ग्रहण करती है। यही विचार, यही सृजनात्मकता और यही नवाचार मानव की वास्तविक पूंजी हैं, जिन्हें हम 'बौद्धिक संपदा' के नाम से जानते हैं। प्रत्येक वर्ष 26 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व बौद्धिक संपदा दिवस इसी सत्य का सशक्त उद्घोष है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके भौतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके मस्तिष्कों की सृजनशीलता में निहित होती है। वर्ष 2000 में सदस्य देशों ने 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह वही ऐतिहासिक तिथि है, जब 1970 में वर्ल्ड एन्टलेक्चुअल प्रॉपर्टी ऑर्गनाइजेशन कन्वेंशन प्रभावी हुआ था।

### लंदन में नीलाम होगा शाही परिवार का 17वीं सदी का सुपर कम्प्यूटर

**लंदन।** जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब)



को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है। इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था।

### भारतीय सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर साबित होगा

# दुश्मनों का बनेगा काल, डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना अब पहले से कहीं ज्यादा घातक और आधुनिक होने जा रही है। भविष्य के युद्धों की जरूरतों को देखते हुए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने एक खास बख्तरबंद प्लेटफॉर्म तैयार किया है।

इसे विशेष रूप से वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (वीआरडीई) द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ ने बताया कि यह वाहन भारतीय सशस्त्र बलों की बदलती परिचालन जरूरतों को पूरा करने में गेम-चेंजर साबित होगा।




डीआरडीओ का नया स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल

### उन्नत मारक क्षमता

इस स्वदेशी आर्मर्ड व्हीकल की सबसे बड़ी खूबी इसकी उन्नत मारक क्षमता और गतिशीलता है। 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत इसमें 30 मिमी का क्रूलेस बुर्ज लगाया गया है, जिसे 7.62 मिमी पीकेटी गन के साथ जोड़ा गया है। इतना ही नहीं, यह वाहन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल दागने में भी पूरी तरह सक्षम है, जो इसे दुश्मन के टैंकों के लिए काल बनाता है।

### 70% स्वदेशी सामान का हुआ है इस्तेमाल

इस प्रोजेक्ट की खास बात इसका स्वदेशी होना है। वर्तमान में इसमें 70 फीसदी कल-पुर्जे भारतीय हैं। डीआरडीओ का लक्ष्य जल्द ही इसे 100 प्रतिशत आत्मनिर्भर बनाना है। इसके निर्माण में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और भारत फोर्ज लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियों के साथ कई एमएसएमई इकाइयों ने भी कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग दिया है।

### हर जगह भरेगा रफ्तार

इन आर्मर्ड व्हीकल्स में हाई पावर इंजन और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन से लैस तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। यह उन्हें किसी भी चुनौतीपूर्ण रास्ते पर चलने के लिए बना है। चाहे पथरीले रास्ते हों, रेगिस्तान की रेत, जलभराव वाले इलाके या फिर ऊंची पहाड़ियां- यह हर जगह तेज गति से दुश्मन को मात देने की ताकत रखता है। साथ ही, पानी में चलने के लिए इसे हाइड्रो जेट तकनीक से लैस किया गया है। इसके अलावा, स्टनग स्तर 4 और 5 के अनुसार इन प्लेटफॉर्म्स में बैलिस्टिक सुरक्षा भी दी गई है।

### सेना की बढ़ेगी ताकत

*मेजर जनरल एसके सिंह ने बताया कि यह आर्मर्ड व्हीकल 'मेक इन इंडिया' के तहत डिफेंस सेक्टर में स्वदेशीकरण को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। यह न केवल हमारी सेना को सशक्त बनाएगा।*

## खबर संक्षेप

### वन्य जीवों के प्राकृतिक वास नष्ट करने वाले 22 आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वनों की कटाई कर अतिक्रमण करने वाले 22 आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है जिनमें 17 पुरूष तथा पांच महिला शामिल हैं। इस प्रकरण में शेष 25 आरोपी फरार हैं, जिसकी पतासाजी की जा रही है। टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र सीतानदी, परिसर के नकबोल घोटबेड़ा कोर क्षेत्र के आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 322 एवं 323 में आरोपी बसंतकुमार पिता फरसराम यादव एवं 46 अन्य लोगों ने बिना अनुमति के हथियार सहित प्रवेश किया। अतिक्रमण के उद्देश्य से 20.608 हेक्टेयर वनभूमि में स्थित साल, इमारती मिश्रित प्रजाति के 86 वृक्षों, छोटे बड़े पौधो एवं हरे छिंद सालों की कटाई, सफाई करने, छग का राजकीय पशु वनभैंसा, बाघ, हाथी, तेंदुआ एवं अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक वास एवं विचरण क्षेत्र को नष्ट करने, झोपड़ी बनाकर तथा आग जलाकर निवास करने आदि साक्ष्य के आधार पर वन अपराध कृत्य में संलिप्त 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से माचिस, कुल्हाड़ी, चाकू, फावड़ा, हाजिरी पंजी, काटी गई लकड़ियां, साइकल, खाने तथा बिस्तर आदि सामग्रियां जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय नगरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# श्रवणबाधित बच्चों ने अद्भुत परफॉर्मेंस देकर जीता दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

क्षेत्र का लोकप्रिय सांस्कृतिक मंच ब्लू बर्ड्स टैलेंट शो 25वें वर्ष में प्रवेश किया। इस खास मौके पर शहर के हॉकी ग्राउंड में आयोजन किया गया, हजारों दर्शकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस आयोजन में डांस इंडिया डांस के चर्चित प्रतिभागी मंगेश मोंडल सेलिब्रिटी गेस्ट, होस्ट और जज शामिल हुए। मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। सुशीला भास्कर ग्रुप के बच्चों के स्वागत नृत्य व गणेश वंदना ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। जिसमें गणेश, कार्तिकेय और शिव-पार्वती की सजीव झलक देखने को मिली। इसके बाद जेडी मिक्स ग्रुप बचेली, एबी ग्रुप किरंदुल, दिवा डांसर ग्रुप जगदलपुर, सिंपल डांसर ग्रुप, एस भारती ग्रुप, टीन टाइटंस, एचबी क्रू और डांस हाउस जगदलपुर सहित कई टीमों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक पल तब आया जब नरेश की टीम के श्रवणबाधित बच्चों ने अद्भुत परफॉर्मेंस दिया। जब दर्शकों को उनकी स्थिति का पता चला आश्चर्यचकित दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और कई लोगों ने बच्चों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## डांस इंडिया डांस के प्रतिभागी मंगेश ने दी शानदार प्रस्तुति

### बस्तर में प्रतिभाओं की कमी नहीं

अंत में मंगेश मोंडल ने कहा कि बस्तर जैसे क्षेत्रों में अपार प्रतिभा छिपी हुई है जिसे सही मंच की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को बॉलीवुड तक पहुंचाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने डांस इंडिया डांस 1 में भाग लेकर अपनी अलग पहचान बनाई थी और आज वे एक सफल डांसर, कोरियोग्राफर और सेलिब्रिटी मेंटर के रूप में कार्य कर रहे हैं।





## आरोप: वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

# महीने भर तड़पने के बाद तीरों से घायल दुर्लभ बायसन की अंततः हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के उप वन मंडल क्षेत्र बदौरा में एक दुर्लभ बायसन की दर्दनाक मौत ने वन विभाग की कार्यशैली पर सवालों की बौछार कर दी है। करीब एक महीने तक घायल अवस्था में तड़पते रहे इस वन्य जीव को समय पर समुचित उपचार न मिल पाने से आखिरकार उसने दम तोड़ दिया, जिससे विभागीय दावों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर उजागर हुआ है। उप वन मंडल क्षेत्र बदौरा में शिकारियों द्वारा तीन तीरों से घायल किए गए दुर्लभ बायसन की मौत ने वन विभाग की संवेदनशीलता और कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गंभीर रूप से घायल बायसन करीब एक महीने तक क्षेत्र में भटकता रहा और बाद में वन विभाग के संरक्षण में भी रहा, लेकिन इस दौरान उसे अपेक्षित और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।



### वन विभाग करता रहा झूठे दावे और बयानबाजी

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वन विभाग लगातार प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से बायसन के स्वास्थ्य में सुधार होने का दावा करता रहा। विभाग द्वारा निगरानी और उपचार जारी होने की बातें कही जाती रहीं, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत नजर आई। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या विभाग द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा था या फिर कागजों में ही इलाज चल रहा था।

### घायल बायसन को नहीं मिल पाया समुचित उपचार

सूत्रों के अनुसार, घायल बायसन को समय रहते उचित चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाई, जिससे उसकी स्थिति लगातार बिगड़ती गई। इस घटना ने यह भी उजागर कर दिया है कि जिले में वन्य जीवों के लिए आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था कितनी कमजोर है। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या वन विभाग के पास त्वरित रेस्क्यू टीम और विशेषज्ञों की उपलब्धता नहीं है, या फिर जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेना आवश्यक नहीं समझा। बताया जा रहा है कि इस मामले में शिकार से जुड़े दो आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं, जबकि चार अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई विचाराधीन है। हालांकि, स्थानीय लोगों का मानना है कि केवल आरोपियों की गिरफ्तारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विभागीय लापरवाही की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।

# घटारानी जंगल में तेंदुओं का हमला बची युवक की जान, गांव में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के प्रसिद्ध घटारानी जंगल में तेंदुए और एक युवक के बीच जमकर हुए द्वंद्व में जान बचाकर भाग निकले। घटारानी के घने जंगलों में तेंदूपत्ता कार्य से जुड़ी रस्सी लेने गए एक युवक पर दो मादा तेंदुओं ने जानलेवा हमला कर दिया। शावकों के साथ मौजूद तेंदुओं के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, लेकिन उसने साहस दिखाते हुए किसी तरह अपनी जान बचा ली। जानकारी के अनुसार, ग्राम जमाही निवासी भीखम कमार रोज की तरह जंगल गया था। उसे अंदाजा नहीं था कि झाड़ियों के पीछे खतरा छिपा है। जैसे ही वह अंदर पहुंचा, उसका सामना दो मादा तेंदुओं से हो गया, जो अपने शावकों के साथ थीं। अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आक्रामक हुईं तेंदुओं ने अचानक युवक पर हमला बोल दिया। हमला इतना तेज था कि युवक लहूलुहान हो गया और जंगल में उसकी चीखें गूंज उठीं। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद भीखम ने हिम्मत नहीं हारी और संघर्ष करते हुए वहां से भागने में सफल रहा।

**वन विभाग का हाई अलर्ट-** घायल युवक को तत्काल फिंगेश्वर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए महासमुंद रेफर किया गया है। उसके शरीर पर तेंदुओं के नाखून और दांत के गहरे निशान पाए गए हैं। घटना के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मादा तेंदुओं के साथ शावकों की मौजूदगी को देखते हुए आसपास के गांवों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे फिलहाल जंगल की ओर न जाएं।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर दीवार तोड़ किचन में जा घुसा, खाना खा रही महिला को रौंदा, मौत

**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र के ग्राम मुंडाटोला में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक अनियंत्रित ट्रेक्टर घर की दीवार तोड़ते हुए किचन में जा घुसा। इस दर्दनाक घटना में वहां खाना खा रही एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुंडाटोला निवासी कमला नेताम दोपहर करीब डेढ़ बजे अपने घर के आंगन में बने छपरीनुमा किचन में बैठकर खाना खा रही थी। इसी दौरान ग्राम सर्राकापा निवासी उत्तरा पटेल का ट्रेक्टर चालक वाहन को अत्याधिक तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क से सीधे घर की दीवार तोड़कर किचन के भीतर घुस गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि किचन की दीवार और छप्पर पूरी तरह ढह गए और ट्रेक्टर महिला को रौंदते हुए अंदर जा खड़ा हुआ। इस हादसे में कमला नेताम के सिर, चेहरे और सीने पर गंभीर चोटें आई। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

## बैंक जाने की बात कहकर निकले महिला-युवक ने की आत्महत्या

**बालोद।** बैंक जाने की बात कहकर घर से निकले महिला व युवक ने अपने गांव से 40 किलोमीटर दूर जाकर एक साथ फांसी पर झूल आत्महत्या कर ली। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम गब्दी निवासी संतोशी बाई 40 वर्ष व थलेश खरांशु 25 वर्ष दोनों पड़ोसी थे। जहां 25 अप्रैल को दोनों अपने घर में बैंक जाने के नाम से निकले थे। जिसके बाद दोनों ही देर शाम तक घर नही पहुंचे, जिसके बाद परिजनों द्वारा आस पास क्षेत्र में दोनों की खोजबीन की गई, जिसमें दोनों का पता नही चला, जिसके बाद परिजनों द्वारा स्थानीय थाना में जाकर दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही थी। बताया जा रहा है कि दोनों आपस में मुंहबोले देवर–भाभी के रिश्ते में थे। इसी दारौन 26 अप्रैल को सुबह बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झलमला के पास स्थित परसोदा खार में दोनों महिला व युवक का शव पेड़ में एक साथ फांसी पर लटका मिला ।



■ 40 किमी दूर पेड़ पर लटके मिले शव

## पत्नी नहीं मानी, प्रेमी के घर के सामने पति ने लगाई फांसी

**गुण्डरदेही।** पत्नी दूसरे पुरुष के साथ भाग गई। पति समझाने गया पर बात नहीं बनी तो पति ने अपने पत्नी के कथित प्रेमी के घर के सामने जाकर आत्महत्या कर ली। घटना ग्राम चोरेल की है। जिसमें पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस जांच मे ही सच्चाई सामने आ पाएगी। समीप ग्राम किलेपार थाना रानचिरई क्षेत्र में समाज को झकझोरने वाली घटना सामने आई है। यहां 42 वर्षीय परमानंद यादव ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, परमानंद यादव अपनी पत्नी का किसी अन्य व्यक्ति के साथ प्रेम–प्रसंग की आशंका के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान था। दंपति के दो पुत्र हैं, जिनकी उम्र लगभग 17 और 19 वर्ष बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सुबह परमानंद यादव ने ग्राम चौरेल, थाना अर्जुंदा क्षेत्र में अपनी पत्नी के कथित परिचित व्यक्ति के घर के सामने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment**
**आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**कुक/स्टाफ**

आवश्यकता है- वीआईपी चौक, तेलीबांधा में, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ़-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000.(आरो-103)

**ऑफिस/फील्ड वर्क**

आवश्यकता है- एलआईसी में 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता ऑफिस वर्क और फील्ड वर्क के लिए लड़कों की जरूरत है। आकर्षक सैलरी + इंसेंटिव। फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। करियर बनाने का सुनहरा मौका। इच्छुक उम्मीदवार तुरंत संपर्क करें:- 7470392352.(आरो-6650)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन – 3 , टेलीकॉलर – 3 , फील्ड वर्कर – 3 , सेल्स रिप्रेज़ेंटेटिव – 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-6649)

**सुरक्षागार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- मॉडर्न इंडिया सिक्योरिटी सर्विस में 200 सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता, मुफ्त जॉइनिंग। PF + ESI + रहने की सुविधा उपलब्ध। वेतन:-15,000 , आयु: 20-45 वर्ष। 10वीं पास। संपर्क:-भिलाई, छत्तीसगढ़। मो.-9399600124, 8435720357.(आरो न.-4148)

आवश्यकता है- उद्योगिक क्षेत्र रायपुर दुर्ग, बिलासपुर एवं रायगढ़ के लिए सुरक्षा कर्मचारी की आवश्यकता है। 1. सुरक्षा गार्ड 2. सुरक्षा सुपरवाइजर 3. एरिया मार्केटिंग ऑफिसर 4. एरिया रिक्रूटमेंट ऑफिसर वेतन योग्यतानुसार एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क: BISS सिक्यूरिटी 02 बिज़नस सेन्टर, भनपुरी, रायपुर मोबाइल:- 9111400666.(आरो-07)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, संपर्क :- 9644720222.(आरो-05)

आवश्यकता है- अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर, अवंती नगर / शंकर नगर रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । सम्पर्क- मोबाइल 9977703216.(आरो-39)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- कम्पनी बस चलाने रायपुर से तिल्दा 3 ड्राइवरों की आवश्यकता हैं मेकाहारा फाफाडीह भनपुरी वाले को प्राथमिकता लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 18-20 हजार जय महामाया ट्रेवल्स मो. 93406 86016.(आरो-154)

**दुकान कार्य/सेल्समेन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का / लड़की एंव सेल्समैन की आवश्यकता है मों. -7067048454. (आरो-153)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित संपर्क करें फटाक एंड फटाका, अरविंद कार्ड के पास फुलचौक रायपुर 9993586600. (आरो-408)

**ऑपरेटर/इंजीनियर**

आवश्यकता है- (1) महिला- कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), ऑफिस कार्य (2) पुरुष- मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR THR Joints की सर्जरी कराने, सामान लाने लेजाने+ आफिस जनरल काम हेतु, ईको+ Nexon कार ड्राइवर (13000- 30000) पता- भारत मेडिकल सिस्टम, Sec-11A , कमल विहार, रायपुर 9326609234, 9300335829.(आरो-40652)

**मार्केटिंग/फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- टाटीबंध रायपुर सर्विस सेंटर में मार्केटिंग व फील्ड कार्य हेतु युवकों, आईटीआई इलेक्ट्रीशियन तथा हेल्पर की आवश्यकता है। फ्रेशर भी संपर्क कर सकते हैं। ताज इलेक्ट्रिकल 7869096500, 7898900131.(आरो-524)

हरिभूमि

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- राष्ट्रीय स्तर की कंपनी को अपने ऑफिस विस्तार हेतु अविवाहित युवकों की आवश्यकता हैं जो शहर से बाहर छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश मे रहकर काम कर सके वेतन 12000 रहना खाना नियुक्ति फ्री ट्रेनिंग के बाद कमाये 20 से 25 हजार महीना सम्पर्क करे 9755577072, 7999114133.(आरो-401)

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक क्लीनिक में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़किया/ पुरूष/ महिला जरूरत संपर्क :-डॉ.अग्रवाल गुरूद्वारा स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाना के सामने मो.- 98271-99213.(आरो न.-4149)

**घरेलूकार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- घर में काम के लिए बाई एवं एवं घर की गाड़ी के लिए ड्राइवर, एवं. कंप्यूटर तकनीशियन, की आवश्यकता है संपर्क करें मठमुरैना, संतोषी नगर , रायपुर या वाट्सअप करे 7879746507, 9329621221.(आरो-Meet.)

**इलेक्ट्रीशियन**

आवश्यकता है- मध्य भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स पार्क प्रोजेक्ट श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड मे मध्य भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स पार्क प्रोजेक्ट में वायरिंग, सर्किट, पैनल एवं उपकरण इंस्टालेशन हेतु इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता । मोबाइल- 9201835614, यूनिट-6, नया कार्यालय भवन, रिंग रोड 4 के पास, तेंदुआ IID, रायपुर।(आरो-521)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में कार्य करने हेतु खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने के वाले चाहिए। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(आरो-40651)

**Education**
**शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4146)

**Property**
**प्रापर्टी**

**जमीन/फ्लैट**

जमीन/फ्लैट- मेन रोड हाईवे पर स्थित कुम्हारी से 4km दूर (अहीवारा रोड) प्रस्तावित 4-लेन हाईवे पर 8000 स्क्वायर फीट के करीब जमीन/फ्लैट बेचना है। संपर्क- 8889288003, 8770489005.(आरो-152)

**For Rent**
**किराया**

किराए से देना है- कोटा स्टेडियम रोड़ (ब्राहमण पारा) सर्वसुविधायुक्त 1 बीएचके ब्लॉक परिवार वाले को किराए से देना है संपर्क करे 9425511457, 8889470065.(आरो-522)

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी छापे उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
ADVT. Booking Time 10.30 am to 3.00 pm
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL-

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

### कई अमेरिकी अधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया ने दी जानकारी

# ईरानी हमलों से अमेरिकी ठिकानों को भारी नुकसान, मरम्मत में खर्च होंगे अरबों रुपये

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हुए हमले में करोड़ों डॉलर का नुकसान हुआ है। कई अमेरिकी अधिकारियों और स्थिति से परिचित लोगों ने ये जानकारी दी है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि शुरू में लगाए गए अनुमानों से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने मीडिया को बताया कि तबाही का दायरा अब तक सार्वजनिक रूप से साझा की गई जानकारी से कहीं ज्यादा है।



## ईरान ने 7 सैन्य अड्डों को निशाना बनाया

रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों ने कम से कम 7 देशों में महत्वपूर्ण सैन्य स्थलों को निशाना बनाया है। इनमें भंडारण गोदाम, कमांड सेंटर, विमान हैंगर और उपग्रह संचार की प्रणालियां शामिल हैं। इन हमलों से रनवे, रडार प्रणालियों और कुछ विमानों को भी नुकसान पहुंचा है, जो सभी सैन्य आवाजाही और निगरानी के लिए अहम हैं। एक मामले में तो ईरान का एक पुरानी F-5 लड़ाकू विमान अमेरिकी हवाई रक्षा प्रणालियों को तोड़कर हमला करने में सफल रहा।

## अधिकारी बोले- सुरक्षा कारणों से नहीं दे सकते जानकारी

संवाददाताओं से बात करते हुए पेंटागन के एक अधिकारी ने कहा, हम ऑपरेशनल सुरक्षा कारणों से लड़ाई में हुए नुकसान के आकलन पर चर्चा नहीं करते हैं। हमारी सेना पूरी तरह से ऑपरेशनल है और हम उसी तत्परता और युद्ध-क्षमता के साथ अपने मिशन को जारी रखे हुए हैं। बताया गया कि व्हाइट हाउस ने हमले के बाद निजी सैटेलाइट कंपनियों से अमेरिकी ठिकानों की तस्वीरें प्रकाशित न करने को कहा था।

## आर्थिक रूप से भी अमेरिका पर भारी पड़ रहा युद्ध

अमेरिका के लिए युद्ध का हर दिन बेहद महंगा साबित हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका हर दिन लगभग 8,000 करोड़ रुपये से लेकर 1.88 लाख रुपये तक युद्ध में खर्च कर रहा है। जंग के शुरुआती 6 दिनों में ही 1 लाख करोड़ रुपये से 1.19 लाख करोड़ रुपये के बीच खर्च हो चुके थे। यही वजह है कि पेंटागन ने अमेरिकी कांग्रेस से 1.88 लाख करोड़ रुपये के बजट की मांग की है।

## नुकसान पर सरकार ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की

*ईरानी हमलों में वास्तविक नुकसान को लेकर अमेरिकी रक्षा विभाग ने जानकारी साझा नहीं की है। पश्चिम एशिया में सैन्य मामलों की जिम्मेदार अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी नुकसान को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की है। पारदर्शिता को लेकर रिपब्लिकन सांसद भी नाराजगी जता रहे हैं। एक सांसद ने कहा, किसी को कुछ नहीं पता। ऐसा इसलिए नहीं है कि हमने जानकारी नहीं मांगी। हम हफ्तों से जानकारी मांग रहे हैं, लेकिन कोई ठोस विवरण नहीं मिल रहा है।*

# बारातियों से भरी कार मकान में घुसी तीन युवकों की मौत और दो गंभीर

एजेंसी ▶▶ इंदौर

खंडवा जिले के पिपलोद थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। बलवाड़ा से लुन्हार गांव जा रही बारात की कार गुड़ी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने जर्जर मकान में जा घुसी।

हादसा इतना भयावह था कि तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में 22 वर्षीय मोहित (निवासी बलवाड़ा), 24 वर्षीय ऋतिक यादव (गरणगांव) और 24 वर्षीय पुष्पक यादव (बलवाड़ा) शामिल हैं। वहीं पवन और सावन गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज जारी है।



- पिपलोद क्षेत्र में ग्राम गुड़ी के पास हुआ हादसा।
- अनियंत्रित होकर जर्जर मकान में जा घुसी कार।
- हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत।

## कार के उड़े परखच्चे

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बलवाड़ा स्थित यादव परिवार में शादी समारोह था और बारात लुन्हार गांव के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान रास्ते में ग्राम गुड़ी के पास चालक का नियंत्रण कार से हट गया और वाहन सीधे सड़क किनारे बने खंडहरनुमा मकान में जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

## पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। हादसे की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में स्वजनों और ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। अपनों को खोने का दर्द इतना गहरा था कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

## जैकेट के शेष

### फूड पार्क में ...

**14 ब्लॉकों में उत्पादन शुरू :** उद्योग विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 14 फूड पार्क स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें सुकमा में 3, बस्तर में 1, सरगुजा-जशपुर में 2-2, कांकेर, राजनांदगांव, कोरिया, रायपुर, गरियाबंद, सूरजपुर, मुंगेली, धमतरी आदि जिलों में 1-1 फूडपार्क शामिल हैं । 14 ब्लॉकों में फूडपार्क से उत्पादन भी शुरू हो गया है । हालांकि सुकमा और दूसरे जिलों में स्थापित फूड पार्क छोटे हैं और उनमें उत्पादक इकाइयों की संख्या भी कम है ।

### किसानों को नहीं ...

स्थानों पर पार्क स्थापित करने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति भी दे दी गई।

### ट्रंप की डिनर ....

लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह सुरक्षित रहा। हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफोर्निया के टॉरेंस का निवासी है।

**यह है पूरा घटनाक्रम :** जानकारी के मुताबिक, हमलावर कोल एलन खाने-पीने के सामान के साथ हथियार लेकर पार्टी हॉल तक पहुंचा। उसके पास शॉटगन, पिस्टल और बाकी हथियार मौजूद थे। वहटेबल के पास ही शॉटगन को असेंबल किया और सुरक्षा घेरे को पार करने की कोशिश कर रहा था, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की। इसी दौरान आरोपी और सुरक्षा अधिकारियों के बीच मुठभेड़ हुई और फायरिंग शुरू हो गई। उसने शॉटगन से 7 राउंड फायरिंग की। इस घटना में एक सुरक्षाकर्मी घायल हुआ, लेकिन उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी, जिससे उसकी जान बच गई। गोली चलते ही उसकी कैप में लगी ऑन लाइट जग गई और पूरी सिक्योरिटी एक्टिव हो गई।सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू में कर लिया और बड़ी घटना होने से टल गई।

**हमलावर कैसे पहुंचा, कहां हुई सुरक्षा में चूक?:** बता दें कि हर साल राष्ट्रपति ट्रंप होटल हिल्टन में कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर देते हैं। पार्टी के दौरान होटल को पूरी तरह सील नहीं किया जाता। बल्कि इसे आम लोगों के लिए खुला रखा जाता है। सुरक्षा एजेंसियों का फोकस सिर्फ बॉलरूम, पार्टी हॉल और वीआईपी एरिया पर रहता है, जिसका फायदा हमलावर ने उठाया। वह हथियार लेकर पार्टी हॉल तक पहुंचा और, हथियार वहीं असेंबल करके ताबड़तोड़ फायरिंग की।

**सिक्योरिटी की कमी :** होटल के पब्लिक एरिया में सिक्योरिटी की कमी थी। क्योंकि होटल परिसर में विरोध प्रदर्शन चल रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारी रेड कार्पेट तक पहुंचे और विरोध जताया। कहा जा रहा है कि प्रदर्शनकारियों की भीड़ और सिक्योरिटी की कमी का फायदा उठाकर हमलावर पार्टी हॉल तक पहुंचा।

### दोपहर में उड़ान भरेगा ...

शेड्यूल में संचालित होने वाली तीनों फ्लाइट में काफी संख्या में यात्री रहते हैं। यात्रियों की डिमांड और दोपहर के शेड्यूल में दोनों शहरों के बीच फ्लाइट संचालित करने की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी। इसके लिए विमानतल प्रबंधन के साथ ट्रैवल्स एजेंट भी काफी समय से डिमांड कर रहे थे। पिछले दिनों इंडिगो एयरलाइंस ने एक मई से अपनी फ्लाइट संचालित करने की घोषणा की थी, जिसकी टिकटों की बुकिंग शुरू की जा चुकी है। यह फ्लाइट मुंबई से दोपहर साढ़े 12 बजे रवाना होकर 14.25 बजे रायपुर आएगी। इसकी वापसी यहां से दोपहर 2.55 बजे होकर 4.35 बजे मुंबई में पूर्ण होगी। दोपहर में आवाजाही करने वाली इस फ्लाइट का न्यूनतम किराया मुंबई से आने के दौरान 6500 और यहां से जाने के दौरान 7 हजार के आसपास है, जबकि इसी शहर की अन्य फ्लाइट यानी सुबह और शाम के शेड्यूल वाली उड़ानों का किराया 8 से 12 हजार के बीच है।

### छत्तीसगढ़ में 200 ....

फैला बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य आज वन्यजीव संरक्षण की एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में उभरा है। छत्तीसगढ़ में इस उपलब्धि तक पहुंचने की प्रक्रिया लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है। 1970 के दशक के बाद अतिक्रमण और प्राकृतिक आवास के नुकसान के कारण काले हिरण इस क्षेत्र से लगभग समाप्त हो गए थे और करीब पांच दशकों तक यहां स्थानीय रूप से विलुप्त रहे।

**2018 से काले हिरण को बसाने प्रक्रिया हुई शुरू :** अप्रैल 2018 में आयोजित राज्य वन्यजीव बोर्ड की नौवीं बैठक में पुनर्स्थापन योजना को स्वीकृति मिलने के बाद स्थिति में बदलाव आया। इसके बाद एक सुविचारित योजना के तहत काले हिरणों को फिर से बसाने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप उनकी संख्या बढ़कर लगभग 200 तक पहुंची और इस सफलता को रविवार को प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में भी उल्लेखित किया गया।

## पेज एक के शेष

### निर्माण एजेंसी ने छोड़ा ...

राजमार्ग 930 और राज्य मार्ग से लगा है, तब यह स्थिति है तो वनांचल के अंदर के गांवों की क्या स्थिति होगी, समझा जा सकता है। करियाटोला एवं शिकारीटोला में नलजल योजना के लिए लगभग 90 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। इससे ग्रामीणों में आस जगी थी कि गांव में भी शहरों की तरह घरों में पानी मिलेगा। खासकर महिलाओं में खुशी का ठिकाना नहीं था क्योंकि उन्हें अलसुबह उठकर हैंडपंपों से पानी गुंडी, बाल्टियों में भरकर लाना पड़ता है। धुरवाटोला में जरूर दो साल से घरों में पानी आ रहा है। लेकिन शिकारीटोला में पानी टंकी का निर्माण ही शुरू नहीं हो पाया है, अपितु गांव की गलियों में पानी के लिए पाइप लाइन बिछा दी गई है। ग्रामीणों के घरों में बिछाई गई पाइप लाइन से कनेक्शन देकर स्टैंड पोल लगाकर चबूतरा भी बना दिया गया है। कुछ घरों में चबूतरा व पोल का कार्य अधूरा पड़ा है। इस गांव में लगभग 100 घरों में लगभग 700 महिला पुरुष व बच्चे रहते हैं, जो हैंडपंप से काम चला रहे हैं। दूसरे गांव करियाटोला में पानी टंकी का निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष से अधूरा पड़ा है। अब तो निर्माणाधीन टंकी में टूट-फूट होने लगी है। यहां भी गांव की गलियों में पाइप लाइन बिछा दी गई है। घरों तक कनेक्शन भी पहुंचा दिया गया है। हैंडपंप पर निर्भर गांव के लोग निस्तारी के लिए गांव के बाहर से बहने वाला बारहमासी नाले का प्रयोग करते थे, जो भीषण गर्मी में सूख गया है। ऐसे में निस्तारी व मवेशियों के पानी पीने के लिए लिए एकमात्र तालाब ही सहारा है। ग्राम पंचायत धुरवाटोला की सरपंच अंजू कोसमा ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी से अनेक मर्तबा कार्य पूर्ण कराने निवेदन किया गया, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग डोंडी के एसडीओ नितिन ठाकुर ने बताया कि निर्माण एजेंसी ने कार्य बंद कर दिया है, इसलिए कार्य निरस्त करने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इधर ठेकेदार को कुछ राशि भी दी जा चुकी है।

### गिधौरी में शोपीस बनी पानी टंकी, दो...

अब तो पाइप और नलों में टूट-फूट हेने लगी है। पीएचई विभाग का कहना है गिधौरी में जल का स्रोत बहुत ही कम है। गिधौरी महानदी में बड़ी पानी टंकी का निर्माण हो रहा है, जहां से पानी की सप्लाई सप्लाई होगी। इस सम्बंध ग्राम पंचायत गिधौरी के सरपंच देव प्रसाद केवट ने कहा कि गिधौरी में पानी की कमी है। बोर खनन हुआ था, लेकिन यहां पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं होने के कारण दिक्कत हो रही है। वे कहते हैं कि पीएचई विभाग से चर्चा करके उन्हें इस स्थिति से अवगत कराएंगे। यही हाल ग्राम अमोदी का भी है। ग्राम पंचायत अमोदी में नल जल योजना के अंतर्गत पानी टंकी निर्माण किया गया है, लेकिन आज तक चालू नहीं हुआ है। दो साल पहले ही गांव में पाइप लाइन बिछाने के अलावा घरों तक कनेक्शन भी दे दिया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि गांव की इस समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया जा चुका है। जल्द समाधान निकलने की उम्मीद है। इधर गांववाले इसके लिए जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता और उपेक्षा को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

### बस में विस्फोट 13 लोगों की हुई...

बताया कि यह विस्फोट काजिबियो नगर पालिका में पैनअमेरिकन हाईवे पर बस के गुजरने के दौरान किया गया। काउका की स्वास्थ्य सचिव कैरोलिना कामार्गो ने बताया कि घायलों में पांच बच्चे भी शामिल हैं। कोलंबिया सशस्त्र बलों के कमांडर जनरल ह्यूगो लोपेज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह 'आतंकी कृत्य' है और इसके लिए 'इवान मोर्दिस्को' नामक कुख्यात अपराधी के गिरोह तथा जैमी मार्टिनेज गुट को जिम्मेदार ठहराया। दोनों गुट अब भंग हो चुके कोलंबिया के रिवॉल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज के असंतुष्ट धड़े हैं, जो अब भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं। इन गुटों ने 2016 में सरकार के साथ हुए शांति समझौते को नहीं माना था।

# मुंबई में नकली गैस ऐप का महाजाल, उड़ाए 2.7 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई में 100 से ज्यादा लोग एक चालाक धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। ठगों ने खुद को महानगर गैस लिमिटेड का कर्मचारी बताकर उन्हें फंसाया। लोगों को गैस बिल बकाया होने और कनेक्शन काटने की धमकी वाले मैसेज भेजे गए।

इसके बाद, उन्हें एक नकली ऐप डाउनलोड करने के लिए बहकाया गया। इस ऐप के जरिए धोखेबाजों ने पीड़ितों के फोन और बैंक खातों में सेंध लगा दी।



## नए कनेक्शन चाहने वालों को बनाया निशाना

यह ठगी सिर्फ मौजूदा ग्राहकों तक ही सीमित नहीं रही। नए गैस कनेक्शन की तलाश कर रहे लोगों को भी ठगों ने फर्जी कॉल और लिंक भेजकर फंसाया। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि केवल एक महीने में कुल 2.7 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब दुनियाभर में ऊर्जा आपूर्ति की स्थिति अस्थिर है। इसकी मुख्य वजह अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहा तनाव है, जिससे होर्मुज की खाड़ी जैसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते प्रभावित हुए हैं।

**Notice**
**U/S 63 Of The Indian Partnership Act, 1932**

Notice Is Hereby Given To All Concern That "M/S Siyaram Fuels", Having Its Principal Place Of Business At Village Dehjari, Tehsil Kharsia, District Raigarh (C.G.), Has Undergone The Following Changes:-
1. That **Mrs. Greesa Agrawal,** W/O Mr. Aniket Agrawal, Resident Of Mohapali Road, Kharsia, Joined On 01/04/2026 And Become A Partner With Effect From The Date.
II. That **Shri Gulabchand Agrawal,** S/O Mr. Bajrang Lal Agrawal, Resident Of Mohapali Road, Kharsia, Retired On 01/04/2026 And Ceased A Partner With Effect From That Date.
**For M/S Siyaram Fuels**
**(Signature) Partner**

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# अमेरिका-ईरान युद्ध में उलझे, भारत ने कर दिया खेल, आज होंगे एफटीए पर साइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से लंबित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर सोमवार को भारत मंडपम में हस्ताक्षर होने जा रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले मौजूद रहेंगे।यह समझौता मार्च 2025 में शुरू हुई बातचीत के बाद दिसंबर 2025 में अंतिम रूप से तैयार हुआ था। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ाना है। पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता आने वाले महीनों में लागू होगा और इससे भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार को नई गति मिलेगी। हस्ताक्षर से पहले पीयूष गोयल और टॉड मैक्ले ने अपने परिवार के साथ ताजमहल का दौरा किया और करीब दो घंटे वहां बिताए।

## समझौते में सेवा क्षेत्र भी किया गया शामिल

इस समझौते में सेवा क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। इसके तहत भारतीय पेशेवरों के लिए हर साल 5000 अस्थायी वीजा दिए जाएंगे, जिनकी अवधि तीन साल तक होगी। इन वीजा के तहत आईटी, इंजीनियरिंग, हेल्थकेयर, शिक्षा और कंस्ट्रक्शन जैसे क्षेत्रों में काम करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा आयुष विशेषज्ञ, योग प्रशिक्षक, भारतीय शेफ और संगीत शिक्षक भी इसमें शामिल होंगे।

## नियमों में राहत और कृषि सहयोग

एफटीए के तहत नियमों को आसान बनाया जाएगा और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम किया जाएगा। इससे भारतीय दवाओं और मेडिकल उपकरणों को न्यूजीलैंड में जल्दी मंजूरी मिल सकेगी। कृषि क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे। कीवी, सेब और शहद जैसे उत्पादों पर एग्री-टेक्नोलॉजी प्लान के जरिए सहयोग बढ़ाया जाएगा। इस समझौते का लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को 2.4 अरब डॉलर से बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

## कार्यालय नगर पंचायत सरगॉव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्रमांक/114/निविदा/न.पं./2026-27 सरगॉव दिनांक 24/04/2026

**// प्रथम ई निविदा आमंत्रण सूचना //**


नगर पंचायत सरगॉव में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) पद्धति अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं | STN o. | कार्य का विवरण | निविदा प्रारंभ तिथि | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज परीक्षण की तिथि | निविदा खोलने की तिथि | Tendor Form |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 189776 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) Including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of SARGAON, Chhattisgarh I (CGPWD Building SOR-01.01.2015, Road SOR 01.01.2025, Elect./PHE SOR 01.06.2020 & NON SOR) 1st Call, Rs. 31.57 Lacs (%Rate) | 25.04.2026/ 18:00 बजे | 16.05.2026/ 17:30 बजे | 18.05.2026/ 16:00 बजे | 18.05.2026/ 17:00 बजे | 'A' |
| 05 | 189784 | वार्ड क्र. 01 खपरी से वार्ड क्र. 02 के रास्ते पुलिया निर्माण कार्य। (CGPWD Road SOR 01.01.2025) 1st Call, Rs. 19.86 Lacs (%Rate) | 25.04.2026/ 18:00 बजे | 16.05.2026/ 17:30 बजे | 18.05.2026/ 16:30 बजे | 18.05.2026/ 17:15 बजे | 'A' |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत सरगॉव,**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**


## शब्द पहेली - 6208



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6207 का हल



## सूडोकु नवताल - 6218

✶✶✶✶✶ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6217 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# अमेरिका ने सोलर कंपनियों को दिया झटका, लगाई 123 प्रतिशत की ड्यूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वारी एनर्जीज समेत कई सोलर कंपनियों के शेयर शुक्रवार को 5 प्रतिशत से ज्यादा तक लुढ़क गए। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट ने भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयात किए जाने वाले सोलर सेल्स और पैनल्स पर प्रीलिमनेरी एंटी-डंपिंग ड्यूटीज की घोषणा की है। अमेरिका में कई घरेलू फैक्ट्री मालिकों ने आरोप लगाया था कि इन 3 देशों की कंपनियां अमेरिकी मार्केट में सस्ते सामान की डंपिंग कर रही हैं, इसके बाद यूएस कॉमर्स डिपार्टमेंट ने यह घोषणा की है। यह बात की एक रिपोर्ट में कही गई है।

- सोलर कंपनियों के शेयर हुए धड़ाम, पांच फीसदी से अधिक लुढ़के
- भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आयातित सोलर सेल्स व पैनल पर लगाया



### भारत से होने वाले आयात पर 123.04 फीसदी ड्यूटी

रॉयटर्स कैलकुलेशंस के मुताबिक, हालिया बदलावों के बाद भारत से होने वाले आयात के लिए प्रीलिमनेरी ड्यूटी रेट्स, जिन्हें डंपिंग मार्जिन्स के नाम से जाना जाता है, बढ़कर 123.04 प्रतिशत पहुंच गए हैं। वहीं, इंडोनेशिया से होने वाले इंपोर्ट के लिए ड्यूटी रेट्स 35.17 प्रतिशत और लाओस से होने वाले आयात के लिए ड्यूटी रेट्स 22.46 प्रतिशत पहुंच गए हैं।

### इन देशों की बड़ी हिस्सेदारी

अमेरिका से होने वाले टोटल सोलर इंपोर्ट्स में भारत, इंडोनेशिया और लाओस की संयुक्त हिस्सेदारी करीब दो तिहाई है, जो कि करीब 4.5 बिलियन डॉलर के करीब है। पिटीशन दाखिल करने वाले अलायंस फॉर अमेरिकन सोलर मैन्युफैक्चरिंग एंड ट्रेड में टेम्पे, एरिजोना बेस्ड फर्स्ट सोलर, क्यूसेल्स, कोरिया की हैनवा की सोलर डिवीजन और प्राइवेट कंपनियां टैलॉन पीवी और मिशन सोलर शामिल हैं।

### *अंतिम फैसले की घोषणा 13 जुलाई को*

*कॉमर्स डिपार्टमेंट ने कहा है कि वह भारत और इंडोनेशिया से आयात होने वाली सोलर सेल्स के लिए 13 जुलाई को या इसके करीब अंतिम फैसले की घोषणा करेगा। वहीं, लाओस से होने वाले इंपोर्ट पर फैसला 9 सितंबर को या उसके करीब आएगा।*

### *वारी एनर्जीज के शेयर हुए धड़ाम*

*सोलर कंपनी वारी एनर्जीज के शेयर शुक्रवार को धड़ाम हो गए। वारी एनर्जीज के शेयर बीएसई में इंट्राडे के दौरान 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 3240 रुपए पर जा पहुंचे। वारी एनर्जीज के रेवेन्यू में अमेरिकी मार्केट की बड़ी हिस्सेदारी है। एक्मे सोलर होल्डिंग, विक्रम सोलर लिमिटेड और इंडोसोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वा सोलर लिमिटेड के शेयर शुक्रवार को 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 68.25 रुपए पर बंद हुए हैं। प्रीमियर एनर्जीज के शेयर भी शुक्रवार को कारोबार के दौरान 4 प्रतिशत तक लुढ़क गए थे। हालांकि, कारोबार के आखिर में कंपनी के शेयर हरे निशान पर बंद हुए हैं।*

---

वित्त वर्ष 2025-26 का समापन महत्वपूर्ण मोड़ पर किया, कंपनियां वैश्विक दबाव व एआई के बढ़ते प्रभाव से गुजर रही

# एआई बदलाव के दौर में भारतीय आईटी क्षेत्र शीर्ष पांच कंपनियों के रहे मिले-जुले नतीजे

एजेंसी : नई दिल्ली

भारत की सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की शीर्ष पांच कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, एचसीएलटेक, विप्रो और टेक महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 का समापन एक महत्वपूर्ण मोड़ पर किया है। ये कंपनियां वैश्विक आर्थिक दबाव, पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति और कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच बदलाव के दौर से गुजर रही हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आईटी क्षेत्र तेजी से पारंपरिक कार्य-प्रणाली से आगे बढ़ रहा है। एआई के कारण पुरानी आईटी सेवाओं से होने वाली आय पर दबाव पड़ रहा है, लेकिन इसकी भरपाई नई एआई-आधारित सेवाओं के बढ़ते अवसरों से हो रही है। अब कंपनियां बड़ी परियोजनाओं के बजाय परिणाम-आधारित और छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे अनुबंधों पर अधिक ध्यान दे रही हैं। यह बदलाव कंपनियों के भविष्य के अनुमान और कर्मचारियों से जुड़े रुझानों में भी साफ दिख रहा है। जहां टीसीएस और इन्फोसिस को लगता है कि मुश्किल दौर अब कम हो रहा है, वहीं एचसीएलटेक और विप्रो ने आगे भी अनिश्चितता और कमजोर मांग की आशंका जताई है।

### एचसीएल का कुछ क्षेत्रों में रहा कमजोर प्रदर्शन

एचसीएलटेक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सी. विजयकुमार ने कहा, /''तिमाही के दौरान कुछ क्षेत्रों में कमजोरी, कम खर्च और फैसलों में देरी के कारण प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा। हमारी नई एआई सेवाओं को बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है और हमारा मुख्य लक्ष्य भविष्य में एआई से मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाना है।






### एआई के इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट नहीं

कंपनी के शीर्ष अधिकारियों ने इस आशंका को खारिज किया कि एआई के तेज इस्तेमाल से राजस्व में गिरावट आ रही है। उनका कहना है कि वे एआई को मध्यम और दीर्घकाल में ग्राहकों के कामकाज को आधुनिक बनाने और नए अवसर पैदा करने वाले एक बड़े साधन के रूप में देखते हैं।

### विप्रो वैश्विक व नीतिगत बदलावों से प्रभावित

विप्रो का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत घटकर 3,501.8 करोड़ रुपये रह गया, जबकि आय 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने वर्तमान आर्थिक स्थिति को एक नई सामान्य स्थिति बताया है, जो वैश्विक और नीतिगत बदलावों से प्रभावित है।

### टेक महिंद्रा का लाभ 16 फीसदी बढ़ा

टेक महिंद्रा का समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध लाभ 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,353.8 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 12.6 प्रतिशत बढ़कर 15,076.1 करोड़ रुपये हो गई। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का लाभ 13.15 प्रतिशत बढ़कर 4,810.9 करोड़ रुपये और आय 7.2 प्रतिशत बढ़कर 56,815.4 करोड़ रुपये रही।

### टीसीएस को एआई से 2.3 अरब डॉलर की आय

टीसीएस ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 12.22 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 13,718 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी का कहना है कि वह नए वित्त वर्ष में सकारात्मक स्थिति के साथ प्रवेश कर रही है और हाल की अधिकांश चुनौतियां अब पीछे छूट चुकी हैं। एआई सेवाओं से उसकी सालाना आय 2.3 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है, जो कुल आय का छह प्रतिशत से ज्यादा है।

### एआई पारंपरिक सेवाओं का प्रभावित कर रहा

इन्फोसिस का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 20.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8,501 करोड़ रुपये रहा, जबकि आय 13.4 प्रतिशत बढ़कर 46,402 करोड़ रुपये रही। कंपनी प्रबंधन ने माना कि एआई पारंपरिक सेवाओं को प्रभावित कर रहा है, लेकिन नई एआई सेवाओं की मांग से इसकी भरपाई हो रही है।

---

सीआईसी ने पीपीएसी के फैसले को सही ठहराया

# रूस से तेल आयात की जानकारी गोपनीय

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं। यह मामला सूचना का अधिकार के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी। इस पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि देश के आधार पर और कंपनी के आधार पर कच्चे तेल के आयात का विवरण व्यावसायिक और गोपनीय है।




### फैसले को सही ठहराया

हालांकि कुल आयात की मात्रा और उसका मूल्य पीपीएसी की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।
प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह यह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में देश किस तरह काम कर रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### चंद्रबाबू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नायडू ने शनिवार देर रात 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इसे प्राप्त करना सम्मान और सौभाग्य की बात है।

### मांग निकलने से बीते सप्ताह अधिकांश तेलों में रहा सुधार

**नई दिल्ली।** मंडियों में उपलब्धता कम रहने और उपभोक्ताओं की मांग निकलने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम लाभ के साथ बंद हुए। ऊंचे दाम पर मांग कमजोर रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही।

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और रिलायंस को नुकसान




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के कुल बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 1,829.33 अंक यानी 2.33 प्रतिशत गिरा।

### जियोस्टार का राजस्व 36,248 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** मीडिया और मनोरंजन मंच जियोस्टार ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान उससे 9,784 करोड़ रुपये का सकल राजस्व और 419 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। रिलायंस के मीडिया व्यवसाय और वैश्विक मीडिया दिग्गज वॉल्ट डिज्नी के भारतीय व्यवसाय के विलय के बाद बने संयुक्त उद्यम जियोस्टार का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सकल राजस्व 36,248 करोड़ रुपये रहा।

### खरीफ मांग को पूरा करने पर्याप्त उर्वरक भंडार



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की उर्वरक सुरक्षा 'मजबूत, स्थिर एवं सुव्यवस्थित' बनी हुई है और जून से शुरू होने वाले आगामी खरीफ बुवाई सत्र के लिए आपूर्ति को और मजबूत करने हेतु अतिरिक्त 25 लाख टन यूरिया आयात किया जा रहा है।
उर्वरक विभाग ने शुक्रवार को बयान में बाजार में कमी के हालिया 'दावों' को खारिज करते हुए कहा कि देशभर में भंडार की स्थिति 'संतोषजनक' बनी है।

### इंडसइंड बैंक को 594 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 594 करोड़ रुपये रहा। बैंक को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव आनंद ने कहा कि पिछले समय में डेरिवेटिव कारोबार में हुए नुकसान और अन्य समस्याओं को अब दूर कर लिया गया है।

---

# कंपनियों के नतीजे व कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, आगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे आर्थिक चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है। पोनमुडी ने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे।

### कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई

विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

### होर्मुज के कारण अनिश्चितता बढ़ी

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की स्थिति और अमेरिका-ईरान वार्ता में गतिरोध से वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है। इससे कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है।

---

2026-27 में 10 गीगावाट-घंटा से अधिक क्षमता चालू करने की उम्मीद

# अदाणी ग्रीन बैटरी भंडारण पर 15,000 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) चालू वित्त वर्ष में 10 गीगावाट-घंटा (जीडब्ल्यूएच) से अधिक की बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता जोड़ने के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है।

कंपनी का यह कदम भारत के तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य के बीच भरोसेमंद और वितरण योग्य स्वच्छ बिजली की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।
कंपनी ने अपने वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि यह प्रस्तावित विस्तार लगभग तीन गीगावाट-घंटा की उस स्थापित भंडारण क्षमता के अतिरिक्त होगा, जिसे कंपनी जल्द ही हासिल करने की उम्मीद कर रही है।




इससे पहले वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 1.4 गीगावाट-घंटा क्षमता चालू की गई थी। ये बैटरियां गुजरात के खावड़ा में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के साथ विकसित की जा रही हैं, जहां एजीईएल दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रही है। इन भंडारण प्रणालियों का उद्देश्य शाम के समय मांग के चरम पर होने पर बिजली की आपूर्ति करना है, जब सौर उत्पादन कम हो जाता है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा, ''हम बैटरियों के लिए अपनी क्षमता वृद्धि को बहुत महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं।

# कोल इंडिया कोयला आयात में 24.3 करोड़ टन करेगी कटौती

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) कोयला आयात में 24.3 करोड़ टन कटौती करने के लि एक व्यापक 10 वर्षीय योजना बना रही है। इसके लिए घरेलू उत्पादन में वृद्धि, कोयले की गुणवत्ता में सुधार और लॉजिस्टिक लागत की समानता पर जोर दिया जाएगा।



एक सूत्र ने बताया कि कोयला आयात में कटौती के लक्ष्य वाले इस प्रस्तावित मसौदे में आयात का विस्तृत 'फोरेंसिक ऑडिट' शामिल होगा, जिसे क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों और स्थानीय आपूर्ति को बढ़ावा देने वाली चरणबद्ध बदलाव रणनीतियों का समर्थन मिलेगा। इसमें कोयले की धुलाई और परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए 'नेशनल वॉशरी एंड लॉजिस्टिक्स ग्रिड' भी शामिल होगा, जो आपूर्ति श्रृंखला की प्रमुख बाधाओं को दूर करेगा।

---

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर आज होंगे हस्ताक्षर

भारत के वाणिज्य मंत्री गोयल व न्यूजीलैंड के निवेश मंत्री करेंगे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड 27 अप्रैल को मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार इस समझौते पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले की उपस्थिति में यहां भारत मंडपम में हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह समझौता भारतीय कंपनियों को न्यूजीलैंड के बाजारों में शुल्क मुक्त पहुंच प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश लाएगा। दोनों देशों ने पिछले साल 22 दिसंबर को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य अगले पांच साल में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इस समझौते से भारत को अपने 100 प्रतिशत निर्यात पर शून्य शुल्क बाजार पहुंच मिलेगी, वहीं न्यूजीलैंड से भारत को निर्यात होने वाले 95 प्रतिशत सामान पर शुल्क समाप्त या कम हो जाएगा। इसमें ऊन, कोयला, लकड़ी, शराब से लेकर एवोकाडो और ब्लूबेरी शामिल हैं।



---

वर्ष 2025-26 के लिए कृषि मंत्रालय ने जारी किया अनुमान

# भारत में गेहूं की पैदावार चुनौतियों के बावजूद मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन स्थानीय स्तर पर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बावजूद स्थिर और मजबूत बना हुआ है। कृषि मंत्रालय ने रविवार को यह बात कही। हालांकि एक उद्योग संगठन ने सरकार के पहले के अनुमान से कम उत्पादन का आकलन किया था। रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफएफआई) ने 24 अप्रैल को अनुमान लगाया था कि 2025-26 (जुलाई-जून) फसल वर्ष में गेहूं उत्पादन 11.06 करोड़ टन रहेगा। यह 2024-25 के 10.96 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। इस अनुमान में हालिया मौसमी नुकसान को भी शामिल किया गया है।

### बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि का उत्पादन पर असर कम



### अधिक तापमान के कारण फसल पर गर्मी का दबाव

हालांकि फरवरी में असामान्य रूप से अधिक तापमान के कारण फसल पर गर्मी का दबाव पड़ा, जिससे दाने बनने की अवधि कम हुई और पैदावार पर असर पड़ा। कटाई के समय हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने भी कुछ क्षेत्रों में गुणवत्ता और उत्पादन को नुकसान पहुंचाया।

### *11 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान*

*यह अनुमान सरकार के पहले के 12.02 करोड़ टन के अनुमान से काफी कम है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने दोनों अनुमानों के बीच संतुलन की बात कही। उन्होंने कहा, /''जहां संगठन ने 11 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है, वहीं कृषि मंत्रालय का पूर्व अनुमान 12 करोड़ टन था। वास्तविक उत्पादन इन दोनों के बीच कहीं होगा।*

### *3.34 करोड़ हेक्टेयर में बुवाई*

*मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान गेहूं मौसम मिश्रित लेकिन मजबूत रहा है, जो जलवायु चुनौतियों और किसानों द्वारा अपनाए गए बेहतर उपायों का परिणाम है। इस मौसम में गेहूं की बुवाई लगभग 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है और कीट या रोग का कोई बड़ा प्रकोप नहीं देखा गया है। समय पर बुवाई होने से क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।*

### *छह लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में बुवाई*

*मंत्रालय ने कहा कि कुछ कारक इन नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। इस साल छह लाख हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में बुवाई हुई है, जिससे नुकसान की आंशिक भरपाई होने की संभावना है। समय पर बुवाई से फसल को गर्मी के दबाव से बचाने में मदद मिली है। उच्च गुणवत्ता वाले और जलवायु-प्रतिरोधी बीजों के उपयोग में वृद्धि हुई है, जिससे उत्पादन क्षमता बेहतर हुई है।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

# सुपर ओवर में जीता कोलकाता, रिंकू सिंह ने अकेले पलटा मैच, लखनऊ की लगातार 5वीं हार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तूफानी अर्धशतक और वैभव अरोड़ा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बावजूद सुपर ओवर में खिंचे इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को हरा दिया। सुपर ओवर में नाइट राइडर्स के सुनील नारायण ने पहली ही गेंद पर निकोलस पूरन को बोल्ड किया। अगली गेंद पर कप्तान ऋषभ पंत ने एक रन बनाया लेकिन तीसरी गेंद पर एडेन मारक्रम को रिंकू ने लपक लिया। नाइट राइडर्स को दो रन का लक्ष्य मिला और रिंकू ने प्रिंस यादव की पहली गेंद पर चौके के साथ टीम को जीत दिला दी। लगातार दूसरी जीत के साथ नाइट राइडर्स की टीम 5 अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गई जबकि सुपर जाइंट्स की टीम 4 अंक के साथ 10वें और अंतिम स्थान पर खिसक गई। सीजन में एलएसजी की यह लगातार पांचवीं हार है।



### मोहसिन ने केकेआर के खिलाफ खोला पंजा

मोहसिन खान ऐसे केवल तीसरे गेंदबाज हैं, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 5 विकेट हॉल लिया हो। उनसे पहले केवल मार्क वुड और यश ठाकुर ने ऐसा किया है। मोहसिन ने इस मैच में 4 ओवरों में सिर्फ 23 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने ।केकेआर के अजिंक्य रहाणे, टिम साइफर्ट, कैमरून ग्रीन, रोवमैन पावेल और अनुकूल रॉय को अपना शिकार बनाया।

### रिंकू ने आखिरी ओवर में जड़े लगातार 4 छक्के

इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नाबाद 83 रन बनाए। यह उनके आईपीएल करियर का कुल छठा और इस सीजन में दूसरा अर्धशतक साबित हुआ। उनके इस अर्धशतक की मदद से केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 155 रन बनाए। रिंकू ने पारी के आखिरी ओवर में लगातार 4 छक्के लगाए। रिंकू ने आखिरी ओवर करने आए दिग्वेश राठी की जमकर खबर ली। उन्होंने राठी के ओवर में लगातार 4 छक्के लगाते हुए टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया। बता दें कि रिंकू आईपीएल करियर में एक ओवर में 5 छक्के (2023) लगाने का कारनामा भी कर चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे का मारक्रम बो मोहसिन | 10 | 15 | 0 | 1 |
| सीफर्ट का चौधरी बो मोहसिन | 00 | 3 | 0 | 0 |
| रघुवंशी ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड | 09 | 8 | 1 | 0 |
| ग्रीन का पंत बो मोहसिन | 34 | 21 | 0 | 3 |
| पावेल का पंत बो मोहसिन | 01 | 4 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 83 | 51 | 7 | 5 |
| अनुकूल का बडोनी बो मोहसिन | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रमनदीप का मार्श बो लिंडे | 06 | 11 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण नाबाद | 04 | 6 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल:20 ओवर में 7 विकेट पर 155 रन
गेंदबाजी: शमी 4-0-34-0, मोहसिन 4-1-23-5, प्रिंस 4-0-24-0, दिग्वेश 4-0-46-0, लिंडे 2-0-18-1, मारक्रम 2-0-9-0

| लखनऊ सुपर जाइंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम का रिंकू बो ग्रीन | 31 | 27 | 2 | 1 |
| मार्श का पावेल बो अरोड़ा | 02 | 3 | 0 | 0 |
| पंत का सीफर्ट को नारायण | 42 | 38 | 4 | 1 |
| पूरन का नारायण बो चक्रवर्ती | 09 | 12 | 0 | 1 |
| बडोनी का अनुकूल बो चक्रवर्ती | 24 | 19 | 0 | 2 |
| मुकुल चौधरी का रिंकू बो अनुकूल | 01 | 2 | 0 | 0 |
| हिम्मत सिंह का रिंकू बो त्यागी | 19 | 10 | 2 | 1 |
| लिंडे का रिंकू बो अरोड़ा | 08 | 4 | 0 | 2 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 11 | 6 | 1 | 1 |
| प्रिंस यादव नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल: 20 ओवर में 8 विकेट पर 155 रन
गेंदबाजी: रॉय 2-0-19-1, अरोड़ा 4-0-24-2, ग्रीन 2-0-12-1, नारायण 4-0-23-1, चक्रवर्ती 4-0-33-2, त्यागी 4-0-41-0

## जीटी ने सीएसके को 8 विकेट से हराया, सुदर्शन ने खेली 87 रन की शानदार पारी

# 158 रन पर चेन्नई अपने घर में ढेर सुदर्शन ने गुजरात को दिलाई चौथी जीत

एजेंसी ⏭ चेन्नई

गुजरात टाइटन्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 8 विकेट से शिकस्त दी। गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम 7 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर 2 विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक-एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई।

### सैमसन के सबसे तेज 5 हजार रन पूरे रैना, राहुल, धोनी को पीछे छोड़ा

संजू सैमसन अब आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 3555 गेंदें लगीं। जबकि सुरेश रैना को इसके लिए 3620 गेंद लगी थी, वहीं केएल राहुल को 3688 और महेंद्र सिंह धोनी को 3691 गेंद लगीं। संजू के नाम अब 185 आईपीएल मैचों की 180 पारियों में 5008 रन है। इस दौरान उनका औसत 31.69 का है, जबकि स्ट्राइक रेट 140.59 का। आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं। उन्होंने 3288 गेंदों में यह कारनामा किया था, जबकि डेविड वॉर्नर ने 3554 गेंदों में ऐसा किया था। अगर संजू दो गेंद पहले इस आंकड़े को हासिल करते तो वह आईपीएल में सबसे तेज 5 हजार रनों के आंकड़े तक पहुंचने के मामले में दूसरे स्थान पर आ जाते।



### गायकवाड़ के नाम दर्ज हुआ 'अनचाहा रिकॉर्ड'

सीएसके के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने जीटी के विरुद्ध 60 गेंदों में 74 रन की नाबाद पारी खेली। हालांकि, यह आईपीएल के इतिहास में सीएसके की तरफ से किसी बल्लेबाज की चौथी सबसे धीमी फिफ्टी रही। इस अनचाही फेहरिस्त में पार्थिव पटेल शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2010 में पंजाब किंग्स के विरुद्ध 53 गेंदों में पचासा पूरा किया था। साल 2009 में मैथ्यू हेडन ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में यह कारनामा किया था। इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर मौजूद मुरली विजय ने साल 2013 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। इस सूची में ऋतुराज गायकवाड़ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिन्होंने 49 गेंदों में यह कारनामा किया। साल 2013 में मुरली विजय ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 49 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया था।

### जीटी की अच्छी शुरुआत

सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। पिछले मैच में सुदर्शन के शतक जड़ने के बावजूद गुजरात टाइटन्स को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब स्कोर इतना बड़ा नहीं था, जिससे गुजरात टाइटन्स ने लगातार दो हार के बाद जीत दर्ज की। इस जीत से उसके आठ मैच में आठ अंक हो गए हैं, जिससे वह पांचवें स्थान पर पहुंच गई।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 | 15 | 2 | 0 |
| गायकवाड़ नाबाद | 74 | 60 | 6 | 4 |
| उर्विल का होल्डर बो रबाडा | 04 | 3 | 1 | 0 |
| सरफराज का बटलर बो सिराज | 00 | 1 | 0 | 0 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 | 9 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 | 17 | 3 | 1 |
| कार्तिक का होल्डर बो रबाडा | 15 | 9 | 3 | 0 |
| ओवरटन का शाहरुख बो अरशद | 18 | 6 | 3 | 1 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन
गेंदबाजी : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2, राशिद 1-0-21-0,

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 | 46 | 4 | 7 |
| गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 | 1 | 3 | |
| जोस बटलर नाबाद | 39 | 30 | 4 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 16.4 ओवर में 2 विकेट पर 162 रन
गेंदबाजी : अकील हुसैन 3.4-0-46-1 , अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

टीसीएस विश्व 10के

## हजारों धावक सड़क पर उतरे क्विजेरा और फ्लोरेंस ने जीती रेस



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

बुरुंडी के रोड्रिग क्विजेरा ने रविवार को टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरु में रिकॉर्ड तोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय एलीट पुरुषों की रेस जीती जबकि रवांडा की फ्लोरेंस नियोनकुरु ने महिलाओं की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस के लिए हजारों धावक सड़कों पर उतरे। छब्बीस साल के क्विजेरा ने 27 मिनट 31 सेकंड का समय निकालकर पिछले कोर्स रिकॉर्ड 27:38 को बेहतर बनाया, जो कीनिया के निकोलस किपकोरिर ने 2022 में बनाया था। विश्व 10के बेंगलुरु में यह क्विजेरा का पहला खिताब था। तीन साल पहले वह 'फोटो फिनिश' में कीनिया के सेबेस्टियन सावे से मामूली अंतर से शीर्ष स्थान से चूक गए थे। क्विजेरा को 34,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली, जिसमें रिकॉर्ड बनाने पर 8,000 डॉलर का बोनस भी शामिल है।

### संजीवनी ने जीता लगातार तीसरा खिताब

अंतरराष्ट्रीय एलीट महिलाओं के वर्ग में 25 साल की फ्लोरेंस ने 30:45 में अपना पहला खिताब जीता। भारतीयों में संजीवनी जाधव ने महिलाओं का खिताब जीता, जो यहां उनका लगातार तीसरा खिताब था जबकि हरमनजोत सिंह ने पुरुषों का खिताब अपने नाम किया और वह भारतीय रिकॉर्ड बनाने से मामूली अंतर से चूक गए। हरमनजोत और संजीवनी ने क्रमशः 3 लाख और 2 लाख 75 हजार रुपए की इनामी राशि जीती। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला उन मशहूर हस्तियों में शामिल थे, जिन्होंने इस दौड़ में हिस्सा लिया।

### खबर संक्षेप

#### अल-अहली ने रखा एलीट का खिताब बरकरार

**जेद्दा।** सऊदी अरब के क्लब अल-अहली ने पहली बार फाइनल में खेल रहे जापान के क्लब माचिदा ज़ेलविया को 1-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट में अपने खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। जेद्दा में 60,000 दर्शकों की मौजूदगी में सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर फिरास अल बुरिकन के अतिरिक्त समय में किए गए गोल से मैच का फैसला हुआ। अल-अहली की टीम लगभग एक घंटे तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेली, लेकिन माचिदा इसका फायदा नही उठा पाया। खेल के 68वें मिनट में ही अल-अहली की टीम 10 खिलाड़ियों तक सिमट गई। तब रेफरी ने जकारिया हवसावी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर भेज दिया था।

#### सूर्यवंशी मेरे पसंदीदा बल्लेबाज : कमिंस

**जयपुर।** वैभव सूर्यवंशी को अपनी शानदार बल्लेबाजी के कारण एक नया प्रशंसक मिल गया है और यह कोई और नहीं बल्कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस हैं, जो इस 15 वर्षीय खिलाड़ी के बल्लेबाजी के तरीके से बेहद प्रभावित हैं। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले युवा बल्लेबाज सूर्यवंशी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कमिंस ने कहा, ' हां, मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद पर जोर से प्रहार करता है। उसे खेलते हुए देखने में मजा आता है।'



उबर कप

## उन्नति की रोमांचक जीत तन्वी ने की बढ़त दोगुनी



एजेंसी ⏭ होर्सेंस

भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। पीवी सिंधु को एकल में आराम दिया था, जिससे देविका सिहाग को तीसरे एकल में मौका मिला और इस युवा खिलाड़ी ने मारिया स्टोलियारेन्को को 23-21, 21-13 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया।

- यूक्रेन से जीता भारत, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

### सिंधु-तनीषा ने जीता डबल्स मुकाबला

भारत को एकमात्र हार महिला युगल के पहले मुकाबले में मिली। कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को बुहरोवा और कांटेमिर से 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद सिंधु और तनीशा क्रास्टो ने स्टोलियारेन्को और सोफिया लावरोवा पर 21-18, 21-15 से जीत हासिल की। भारत अब सोमवार को अपने अंतिम ग्रुप मैच में चीन से भिड़ेगा। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए उसे इस मैच में जीत हासिल करनी होगी।

## एसए महिला ओपनः संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

एजेंसी ⏭ केपटाउन



भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे दौर में एक बर्डी और चार बोगी के बाद इनवेस्टेक एसए महिला ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त 26वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने तीसरे दौर में तीन ओवर का स्कोर बनाया। इस लेडीज यूरोपीय टूर प्रतियोगिता में अब सिर्फ एक दौर का खेल बाकी है। भारत की प्रणवी उर्स (74) और अवनि प्रशांत (75) ओवर पार के स्कोर के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। प्रणवी संयुक्त 43वें से संयुक्त 35वें जबकि अवनि संयुक्त 53वें से संयुक्त 47वें स्थान पर हैं। तीन अन्य भारतीय त्वेसा मलिक, वाणी कपूर और हिताशी बक्शी कट हासिल करने में नाकाम रहीं। स्लोवेनिया की पिया बाब्निक (74) और इंग्लैंड की एस्मे हैमिल्टन कुल 13 अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# कोर्ट में बिगड़ी इगा की तबीयत अब नहीं खेलेंगी मैड्रिड ओपन

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

इगा स्वियातेक अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6 (4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी, जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने कॅरियर की दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला लेयला फर्नांडीज से होगा।



## प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल आर्सेनल

# एफए कपः रिकॉर्ड चौथी बार फाइनल में मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ⏭ लंदन

मैनचेस्टर सिटी एक बार फिर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है जबकि आर्सेनल प्रीमियर लीग में फिर से शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। सिटी ने वेम्बली में खेले गए मैच में साउथेम्प्टन को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार एफए कप के फाइनल में जगह बनाई। दूसरे हाफ में एक गोल से पिछड़ने के बाद निको गोंजालेज के 87वें मिनट में किए गए गोल से सिटी ने जीत दर्ज की। इस जीत ने सिटी की घरेलू स्तर पर तीन खिताब जीतने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। वह पहले ही इंग्लिश लीग कप जीत चुका है और प्रीमियर लीग खिताब के लिए आर्सेनल के सामने कड़ी चुनौती पेश कर रहा है। प्रीमियर लीग में आर्सेनल ने एबेरेची एज़े के गोल की मदद से न्यूकैसल के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल करके सिटी पर तीन अंक की बढ़त बना ली है। आर्सेनल के 34 मैच में 73 और सिटी के 33 मैच में 70 अंक हैं। इस बीच लिवरपूल की टीम क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से हराकर गोल अंतर के आधार पर चौथे स्थान पर पहुंच गई।



### ला लीगाः दूसरी बार खिताब के करीब पहुंचा बार्सिलोना

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना को गेटाफे पर मिली 2-0 की जीत से स्पेनिश फुटबाल लीग ला लीगा में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है, जबकि एटलेटिको मैड्रिड चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में आर्सेनल का सामना करने से पहले आत्मविश्वास भरी जीत हासिल करने में सफल रहा। बार्सिलोना की तरफ से पहला गोल फर्मिन लोपेज ने 45वें मिनट में किया। उन्होंने अपना यह गोल चोटिल लामिन यामल को समर्पित किया। बार्सिलोना की तरफ से इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले यामल मांसपेशियों में खिंचाव होने के कारण इस सत्र से बाहर हो गए हैं। मार्कस रैशफोर्ड स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने 74वें मिनट में गोल करके बार्सिलोना की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। यह बार्सिलोना की गेटाफे में छह सत्र में पहली जीत है। इस जीत से बार्सिलोना ने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर अपनी बढ़त 11 अंक कर दी है जबकि अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

राज दफन

क्या आज भी कैद हैं निकोला टेस्ला के राज?

# बिना तार के बिजली पहुंचाने का था प्लान पर सरकार ने जब्त कर लिए सारे रिसर्च!


जरा सोचिए एक ऐसी दुनिया जहां बिजली मोबाइल सिग्नल की तरह हवा में तैरती हो और आपको अपने गैजेट्स चार्ज करने के लिए किसी प्लग या चार्जर की जरूरत ही न पड़े।

**न्यूययार्क।** यह किसी फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि सदी के सबसे महान और रहस्यमयी वैज्ञानिक निकोला टेस्ला का सपना था। लेकिन, 7 जनवरी 1943 की रात को जब न्यूयॉर्क के एक होटल के कमरे में टेस्ला की खामोश मौत हुई, तो उनके साथ ही दफन हो गए विज्ञान के वो राज जिन्होंने पूरी दुनिया का हुलिया ही बदल दिया होता।

7 जनवरी 1943 की रात, न्यूयॉर्क के होटल न्यू यॉर्कर के कमरा नंबर 3327 में सबसे महान वैज्ञानिकों में से एक, निकोला टेस्ला ने अंतिम सांस ली। 86 साल की उम्र में हुई उनकी मृत्यु न सिर्फ एक युग का अंत हुआ, बल्कि एक ऐसे रहस्य की शुरुआत थी जो आज भी विज्ञान और साजिश की कहानियों के बीच फंसा रहा है।

### डेथ रे का खौफ

अपने आखिरी दिनों में टेस्ला बहुत ही अकेले हो गए थे। इसलिए वे अपना ज्यादातर समय कबूतरों को दाना खिलाने और होटल के कमरों में रिसर्च करने में बिताते थे। उस समय द्वितीय विश्व युद्ध चल रहा था और टेस्ला अक्सर टेलीफोर्स नाम के एक शक्तिशाली बीम हथियार की चर्चा करते थे, जिसे मीडिया ने डेथ रे यानी मौत का किरण नाम दिया था। इससे सरकार को चिंता थी कि अगर टेस्ला के पास वास्तव में ऐसा कोई हथियार बनाने की टेक्नोलॉजी है, तो वह दुश्मन देशों के हाथ नहीं लगनी हीं चाहिए।



### किसने जब्त किए थे टेस्ला के दस्तावेज?

टेस्ला की मौत के तुरंत बाद, अमेरिकी सरकार के ऑफिस ऑफ एलियन प्रॉपर्टी कस्टोडियन ने उनके सभी सामान, ट्रंक और रिसर्च पेपर को अपने कब्जे में ले लिया। अक्सर लोग समझते हैं कि यह काम एफबीआई ने किया था, लेकिन दस्तावेजों के अनुसार एफबीआई की इसमें कोई डायरेक्ट भूमिका नहीं थी। इन कागजातों की जांच की जिम्मेदारी एमआईटी के मशहूर इंजीनियर जॉन जी. ट्रम्प को दी गई थी।

### सरकारी जांच में क्या निकला?

जॉन जी. ट्रम्प ने टेस्ला की फाइलों पर रिसर्च करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि टेस्ला के विचार सिर्फ काल्पनिक थे। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं मिला जिससे कार्यशील हथियार या नई टेक्नोलॉजी बनाई जा सके। हालांकि, आज भी कई लोग मानते हैं कि टेस्ला ने वायरलेस बिजली और फ्री एनर्जी से क्रांतिकारी आविष्कार कर लिए थे, जिन्हें आर्थिक हितों के कारण दबा दिया गया।

### गायब फाइलों का रहस्य

टेस्ला की कई फाइलों को बाद में उनके फैमिली को दे दी गई और अब वे बेलग्रेड के म्यूजिम में रखी है। लेकिन, विवाद तब पैदा होता है जब कई रिसर्चर्स दावा करते हैं कि जब्त किए गए सामान की लिस्ट और लौटाए गए सामान की में काफी अंतर था। क्या कुछ बक्से आज भी सरकार के पास गुप्त ठिकानों में दफन हैं? यह सवाल आज भी बरकरार है।

### अधूरी विरासत और आधुनिक युग

भले ही टेस्ला के डेथ रे पर विवाद हो, लेकिन उन्होंने अल्टरनेटिंग करंट यानी एसी, इलेक्ट्रिक मोटर और ट्रांसफॉर्मर ने ही आज की दुनिया को रोशन किया है। एलन मस्क की कंपनी टेस्ला से लेकर आज के वायरलेस चार्जिंग सिस्टम तक, निकोला टेस्ला के विचार आज भी विज्ञान को मदद कर रहे हैं।

# यहां कब्रिस्तान में रहते हैं लोग, कब्रों के बगल में लगाते हैं बिस्तर, वहीं बैठकर खाते हैं खाना!

**मनीला।** दुनिया में रहने के लिए लोग अलग-अलग तरह की जगहों का चुनाव करते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि कोई कब्रिस्तान में भी रह सकता है? यह जगह मनीला नॉर्थ सेमेट्री के नाम से जानी जाती है। यहां करीब 6 हजार से ज्यादा लोग रहते हैं, जिन्होंने कब्रों के बीच ही अपना आशियाना बना लिया है। ये लोग कब्रों के ऊपर या उनके आसपास छोटे-छोटे घर बनाकर रहते हैं। यही नहीं, ये लोग वहीं खाना बनाते हैं, खाते हैं और अपनी रोजमर्रा की जिंदगी बिताते हैं।

इस अनोखी बस्ती की सबसे खास बात यह है कि यहां रहने वाले कई लोग अपने प्रियजनों की कब्रों के पास ही घर बनाते हैं। उनका मानना है कि इससे वे अपने परिवार के दिवंगत सदस्यों के करीब रहते हैं। हालांकि, इसके पीछे एक



बड़ी वजह आर्थिक मजबूरी भी है। फिलीपींस में बढ़ती आबादी और गरीबी के कारण कई लोगों के पास रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में वे सस्ते या मुफ्त में रहने की जगह ढूंढते हैं, और कब्रिस्तान उन्हें एक विकल्प के रूप में दिखाई देता है। धीरे-धीरे यह जगह एक पूरी बस्ती में बदल गई, जहां बच्चे खेलते हैं, लोग काम पर जाते हैं और सामान्य जीवन जीने की कोशिश करते हैं।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH



किडनी रोग विभाग

- किडनी प्रत्यारोपण (Kidney Transplantation)
- स्टेट ऑफ आर्ट डायलिसिस यूनिट
- डेडिकेटेड क्रिटिकल केयर यूनिट
- किडनी बायोप्सी
- एवी फिश्चुला, परमाकैथ, ग्राफ्ट

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध



डॉ. कृष्णा सोमानी
M.D., D.M.
(नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन)

देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

लंबी जिंदगी का सबसे 'तीखा' राज!

# जिसे आप समझते थे जहर वही निकली लंबी उम्र की दवा

**वॉशिंगटन।** अगर आप भी उन लोगो में से हैं जो बिना हरी मिर्च या लाल मिर्च के चटकारे लिए खाना खान हीं पाते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है! अक्सर ज्यादा मिर्च-मसाले को सेहत के लिए खतरनाक बताया जाता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब इसके पीछे का एक ऐसा हेल्थ सीक्रेट खोजा है जिसे जानकर आप खुश हो जाएंगे। हाल ही में हुए एक रिसर्च में खुलासा हुआ है कि तीखा खाने का शौक न सिर्फ आपकी जुबान को अलग स्वाद देता है, बल्कि आपको लंबी उम्र भी दे सकता है। दुनिया भर में हुई कई रिसर्च इस तरफ इशारा करती हैं कि हर दिन लाल मिर्च का सेवन करने वालों में मृत्यु दर का खतरा कम होता है।



### दिल की बीमारियों और कैंसर का खतरा कम

सिर्फ साल 2017 में ही नहीं, बल्कि 2020 में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सत्र में पेश किए गए एक विश्लेषण में भी इसी तरह के नतीजे सामने आए थे। अमेरिका, इटली, चीन और ईरान के लगभग 5.7 लाख लोगों पर किए गए चार बड़े रिसर्च पर यह पाया गया कि नियमित रूप से मिर्च खाने वालों में-
हार्ट की बीमारी से मौत का खतरा 26% कम था।
कैंसर से मौत का खतरा 23% कम था।
कुल मृत्यु दर में 25% की कमी देखी गई.
क्लीवलैंड क्लिनिक के कार्डिओलॉजिस्ट डॉ. बो जू के मुताबिक, मिर्च का सेवन शरीर में सूजन को कम करने और एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करने में मददगार हो सकता है।

### चीन की स्टडी क्या कहती है

चीन में साल 2024 में प्रकाशित एक दूसरी रिपोर्ट में 4.8 लाख से ज्यादा चीनी लोगों का 12 सालों तक रिसर्च किया गया। जिसमें पाया गया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम एक बार तीखा खाना खाते हैं, उनमें हार्ट की बीमारी का खतरा काफी कम होता है। वहीं, इस स्टडी में स्ट्रोक और तीखे खाने के बीच कोई सीधा संबंध नहीं मिला।

# गर्मी को इंसानी शरीर के झेलने की भी है एक सीमा

**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों सूरज की तपिश अब सिर्फ पसीना नहीं छुड़ा रही, बल्कि लोगों की हालत भी खराब कर रही है। आसमान से बरसती आग और 40 डिग्री पार करते पारे ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लू के थपेड़ों के बीच अब एक ही सवाल हर किसी के जेहन में है, हर दिन बढ़ता पारा क्या खतरनाक हो सकता है, आखिर हमारा शरीर अधिकतम कितना तापमान बर्दाश्त कर सकता है? हमारा शरीर सिर्फ बाहरी तापमान से प्रभावित नहीं होता है, बल्कि हवा में मौजूद नमी के मेल पर भी प्रतिक्रिया देता है, इसे वेट बल्ब टेंपरेचर कहते हैं। पहले यह माना जाता था कि इंसान अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस वेट बल्ब तापमान तक सुरक्षित रह सकता है। हालांकि, पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी की नई स्टडी ने इस दावे को चुनौती दे है। नए रिसर्च के अनुसार, शरीर की सहनशीलता की वास्तविक सीमा लगभग 30 डिग्री से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच है। इस स्तर के पार पहुंचते ही शरीर अपनी प्राकृतिक कूलिंग प्रणाली को प्रभावी तरीके से बनाए नहीं रख पाता, जिससे हेल्थ पर बड़ा असर पड़ सकता है।

- आखिर कितने तापमान पर जवाब देने लगते हैं हमारे अंग?



### शरीर को कब होता है गर्मी से खतरा?

विज्ञान के मुताबिक, इंसान ज्यादा से ज्यादा तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस में आसानी से सह सकता है, इससे ज्यादा टेंपरेचर होने पर परेशानी बढ़ने लगती है। लेकिन, जब शरीर का टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो हीट स्ट्रीक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इससे शरीर का कूलिंग सिस्टम काम नहीं कर पाता है, जिससे चक्कर आना, ठीक से दिखाई न देना और बेहोशी जैसी समस्या होने लगती है। वहीं अगर समय पर सही इलाज न मिले तो कुछ ही घंटे में जान भी जा सकती है।

HONDA The Power of Dreams | How we move you. CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT




5-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेन्शन / ट्यूबलेस टायर्स / स्टाइलिश क्रोम प्लेटिंग / वाइड फ्यूल टैंक

कम डाउन पेमेंट ₹7499* / इंस्टेंट कैशबैक ₹5000# / न्यूनतम ब्याज दर @6.99%* / बिना हाइपोथिकेशन*

अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 9755887766; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 9669537645; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 8518020999; Aan Honda (Powerhouse) - 8518020777; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 9406082344; Shri Subh Honda (Balod) - 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9425560030; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 9575569608; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; Shri Ji Honda - 7000167266; NARAYANPUR: Shri Ji Honda - 9406341563; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 7970005301; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; BHATGAON: Kiran Honda 9753264986; LAWAN: Kiran Honda 8889415022; SANDI: Kiran Honda 9039006981; LIMTARA: Mahalaxmi Honda - 7047015877; SARSIWA: Pratham Honda - 8770799808; SIMGA: Shiv Honda - 8319973368; SUHELA: Rajju Honda - 8819986810; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.
**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com